


राष्ट्र का एकमेव... महात्मा गांधी के सिद्धांतों का संवाहक

# लोक सदन

कोरबा और रायपुर से एक साथ प्रकाशित प्रातः दैनिक

डाक पंजीयन क्रमांक
जी 2-112/सीजी/बी.एल.पी./072/2022-2024

संस्थापक - अमित नवरंगलाल (संपादकीय 7747920885 8770646952 )

आर.एन.आई.रजि. क्र.
( CHHHIN/2010/33639 )

कोरबा, मंगलवार 06 मई 2025

कुल पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रु.

वर्ष - 15

अंक - 347

Epaper : www.loksadan.com

Email : loksadan@gmail.com


## राहुल गांधी का ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती मानना बड़ी बात: संजय राउत


मुंबई ,05 मई
( आरएनएस )।



शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑपरेशन ब्लू स्टार पर दिए बयान की सराहना करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। राउत ने कहा कि राहुल गांधी एक साफ-सुथरे और ईमानदार नेता हैं, जो अपनी गलतियों को स्वीकार करने की हिम्मत रखते हैं।उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलती मानकर बड़ी बात की है, जबकि उस समय वह राजनीति में नहीं थे। गलती स्वीकार करना राजनीति में दुर्लभ है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह को उनसे सीख लेनी चाहिए। ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद देश ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और सेना के जनरल को खोया, लेकिन राहुल ने उस दौर की गलती को स्वीकार कर साहस दिखाया। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे देश में ऐसा नेता है। राजनीति में गलती स्वीकार करना बहुत बड़ी बात होती है। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को राहुल गांधी से गलती स्वीकार करना और आगे बढ़ना सीखना चाहिए। संजय राउत ने हाल के आतंकी हमलों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, राजनाथ सिंह कहते हैं कि करारा जवाब दिया जाएगा, लेकिन हम इंतजार कर रहे हैं। देश चाहता है कि आतंकियों को जवाब मिले। जब वह दिन आएगा, हम सरकार के साथ खड़े होंगे। कश्मीर में हालिया आतंकवादी हमले और पुलवामा हमले में 40 जवानों की शहादत के लिए कौन जिम्मेदार हैं? अमित शाह को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए, जैसे 26/11 हमले के बाद शिवराज पाटिल ने इस्तीफा दिया था। जब कड़ी प्रतिक्रिया देने का समय आएगा तो हम निश्चित रूप से सरकार के साथ खड़े होंगे। राउत ने ऑल पार्टी मीटिंग में अपनी अनुपस्थिति का जिक्र करते हुए कहा, हम वहां इसलिए नहीं गए, क्योंकि हम अमित शाह का इस्तीफा मांगते। इससे सरकार की स्थिति असहज हो जाती। संसद में कश्मीर मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। 27 लोगों की मौत के बाद अमित शाह को पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। हम संसद में यह मुद्दा उठाएंगे। वहीं दिल्ली सरकार में मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 1984 के सिख नरसंहार को लेकर तीखा हमला बोला है। सिरसा ने कहा, 1984 का सिख नरसंहार, एक ऐसा काला अध्याय जिसे कोई सिख कभी भूल नहीं सकता। कांग्रेस और गांधी परिवार की शह पर 8000 से ज्यादा सिखों को दिल्ली की सड़कों पर जिंदा जला दिया गया। गुरु घरों में बेअदबी हुई, माताओं की गोद उजड़ गई और आज राहुल गांधी उस दर्द पर बस ये कहते हैं, जो हुआ, गलत हुआ , क्या राहुल गांधी का यह बयान सिख समुदाय के दर्द को कम कर सकता है?

## पूर्व कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ईडी की गिरफ्त में, मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

चंडीगढ़ ,05 मई
( आरएनएस )।



कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दीन दयाल आवास योजना से जुड़े वित्तीय घोटाले के सिलसिले में हुई है, जिसमें छौक्कर और उनकी कंपनी पर करीब 1500 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है।ईडी ने छौक्कर को दिल्ली के पांच सितारा होटल शांग्रीला से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद ईडी उन्हें कोर्ट में पेश करने की तैयारी में है, जहां उनसे पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की जा सकती है। इस कार्रवाई ने हरियाणा की राजनीति में भूचाल ला दिया है, क्योंकि छौक्कर को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का बेहद करीबी माना जाता है।आरोप के मुताबिक, छौक्कर की कंपनी साई आइना फॉर्म्स ने गुरुग्राम में लोगों को घर देने का वादा कर उनसे भारी-भरकम राशि वसूली। हालांकि, न तो लोगों को घर दिए गए और न ही उनकी राशि वापस की गई। ईडी की जांच में सामने आया कि कंपनी ने करीब 1500 लोगों के साथ धोखाधड़ी की, जिसमें बड़े पैमाने पर धन का दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग शामिल है। यह घोटाला दीन दयाल आवास योजना के तहत गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए घर उपलब्ध कराने की योजना से जुड़ा है, जिसका गलत इस्तेमाल कर लोगों की गाढ़ी कमाई को हड़पने का आरोप है। इस मामले में केवल धर्म सिंह छौक्कर ही नहीं, बल्कि उनके बेटे सिकंदर छौक्कर भी जांच के दायरे में हैं। सिकंदर पर 400 करोड़ रुपये के एक अन्य घोटाले में शामिल होने का भी आरोप है, जिसके लिए ईडी ने अलग से केस दर्ज किया है। पिता-पुत्र की जोड़ी पर सैकड़ों लोगों को ठगने और उनकी मेहनत की कमाई को गलत तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप है। धर्म सिंह छौक्कर का राजनीतिक करियर भी काफी चर्चित रहा है। वे हरियाणा के समालखा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं और कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में शुमार रहे हैं।

# 7 मई को सभी राज्यों में होगा सुरक्षा मॉक ड्रिल

### पाकिस्तान से तनाव के बीच सरकार का बड़ा आदेश

नई दिल्ली, 05 मई
( एजेंसी )।

भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम हमले के बाद काफी तनाव है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई एक्शन लिए हैं। भारत के कड़े एक्शन से पाकिस्तान बिलबिला उठा है। इस बीच गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों के एक अहम निर्देश दिया है।

दरअसल, समाचार एजेंसी ने भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि गृह मंत्रालय ने कई राज्यों से 7 मई को प्रभावी नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने को कहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 7 मई को देश के सभी राज्यों को एयर रेड सायरन संबंधित मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। राज्यों को हवाई हमले पर अलर्ट करने वाले सायरन लगाने के निर्देश भी दिए गए। सिविल डिफेंस, छात्रों और



नागरिकों को एयर रेड सायरन की स्थिति में बचाव संबंधित ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए गए हैं। किसी तरह के हवाई हमले की स्थित में ये सायरन बजने लगते हैं ताकि लोग आस पास किसी सुरक्षित जगहों पर छुप सकें।

**मॉक ड्रिल के दौरान निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे**

1. हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन2. शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षण।3. क्रैश ब्लैक आउट उपायों का प्रावधान4. महत्वपूर्ण संयंत्रों/स्थापनाओं को समय से पहले छिपाने का प्रावधान 5. निकासी योजना का अद्यतनीकरण और उसका पूर्वाभ्यास

बता दें कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति की तैयारी योजना की समीक्षा करना। इसके अलावा किसी भी स्थान पर मानक संचालन प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करना। मॉक ड्रिल के दौरान सभी लोगों को किसी भी इमरजेंसी स्थिति के दौरान एक्शन के लिए तैयार किया जाता है। मॉक ड्रिल के दौरान उस आपात स्थिति के बारे में लोगों को बताया भी जाता है। मॉक ड्रिल एक प्रकार का ऐसा प्रोसेस है जो आपदा के आने पर कैसी प्रतिक्रिया देनी चाहिए यह बताता है।इस दौरान संभावति गलतियों ओर जोखिमों की पहचान भी की जाती है।विभिन्न आपदा नियंत्रण विभागों के बीच समन्वय में सुधार भी होता है।इस दौरान दिखाया जाता है कि कैसे किसी आपात स्थिति में किसी ऊंची इमारत में फंसे लोगों को निकाला जा सकता है।यह आपदाओं का तुरंत जवाब देने की क्षमता को भी बढ़ाता है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम

श्रीनगर ,05 मई
( आरएनएस )।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम हो गई है। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरनकोट के जंगलों में संयुक्त तलाशी अभियान चलाकर एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 5 आईईडीबरामद किए, जिनमें 3 टिफिन बॉक्स और 2 स्टील की बाल्टियों में विस्फोटक सामग्री छिपाई गई थी। इसके अलावा एक 5 लीटर का गैस सिलेंडर, दो वायरलेस सेट, एक दूरबीन, दो ऊनी टोपी और तीन काली पैंट भी बरामद हुई हैं। इस कार्रवाई के बाद खुफिया एजेंसियों ने इनपुट दिया है कि श्रीनगर सेंट्रल जेल और जम्मू की कोट बलवाल जेल में आतंकी हमला हो सकता है। इन जेलों में कई हाई-प्रोफाइल आतंकी और ओवर ग्राउंड वर्कर बंद हैं। इनपुट के आधार पर जेल परिसरों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। डीजी CISF ने रविवार को श्रीनगर में सुरक्षा ग्रिड के अधिकारियों से मुलाकात कर हालात की समीक्षा की और सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। सुरक्षाबलों का मानना है कि आतंकी किसी बड़े हमले की तैयारी में थे, जिसे वक्त रहते विफल कर दिया गया।

### नीट-यूजी 2025 में फर्जीवाड़ा

## एटीएस और एसओजी इनपुट पर जयपुर पुलिस ने गिरोह का किया भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार

जयपुर ,05 मई
( आरएनएस )।

नीट-यूजी परीक्षा 2025 में फर्जीवाड़ा करने वाले एक संगठित गिरोह का जयपुर शहर (पश्चिम) पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। फर्जी दस्तावेज, डमी कैंडिडेट और तकनीकी उपकरणों की मदद से परीक्षा में अनुचित लाभ पहुंचाने की कोशिश को पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया। कार्रवाई में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से तीन ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरबड्स, फर्जी दस्तावेज, 50 हजार रुपए नकद और एक स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की गई है।

डीसीपी जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि नीट-यूजी परीक्षा 2025 का आयोजन 4 मई को दोपहर 2 से 5 बजे तक किया गया था। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए डीजीपी राजस्थान के निर्देश पर पूरे राज्य में संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी।(ङ्मस् और स्ह्रत्र से मिले इनपुट के आधार पर जयपुर पश्चिम जिले में विशेष टीमों का गठन किया गया।एसीपी वैशाली नगर आलोक गौतम के निर्देशन में बनी टीम में भांकरोटा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह, तकनीकी शाखा के हैडकांस्टेबल दिनेश शर्मा और डीएसटी टीम जयपुर पश्चिम के सदस्य शामिल थे। इस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जगदम्बा नगर स्थित एक फ्लैट (ख्क्ष्ठ प्रिस्टाइन बिल्डिंग) पर छापा मारा, जहां से डमी कैंडिडेट्स सहित कुल पांच आरोपियों को पकड़ा गया।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अजित कुमार बराला और सोहनलाल चौधरी नीट परीक्षा में असली उम्मीदवार की जगह डमी कैंडिडेट बैठाने का काम करते थे।

## ओवैसी ने पाकिस्तान पर साधा निशाना

पटना ,05 मई
( आरएनएस )।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (आरएसपी) के नेता व लोकसभा में मुंबई उत्तर पूर्वी सीट से निर्वाचित सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार में एक चुनावी रैली में पाकिस्तान पर तीखी टिप्पणियां कीं। उन्होंने पड़ोसी देश को बेशर्म और असफल करार देते हुए कहा कि उसकी हरकतों को अब नकारा नहीं जा सकता। ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान को बार-बार समझाने का समय खत्म हो गया है। अब उसे मुंहतोड़ जवाब देकर सबक सिखाना जरूरी है। पाकिस्तान के लोग सबूत मांग रहे हैं।

## भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली ,05 मई
( आरएनएस )।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि भारत की मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन (एमआईसीई) इंडस्ट्री देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी और साथ ही उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा करेगी।

जयपुर में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि एमआईसीई इंडस्ट्री तेजी से वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रही है। इस इंडस्ट्री को मजबूत आर्थिक विकास, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकार से समर्थन से बढ़ावा मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सभा को बताया, राज्य अपने अनूठे तरीकों से पर्यटन के अवसरों को खोल रहे हैं और अब, भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय आ गया है।उन्होंने कहा, भारत मंडपम, यशोभूमि और जियो वर्ल्ड सेंटर जैसे प्रतिष्ठित स्थलों और एमआईसीई पर विशेष ध्यान देने के साथ हमारा लक्ष्य कम से कम 10 भारतीय शहरों को दुनिया के शीर्ष एमआईसीई गंतव्यों में शामिल करना है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और राजस्थान जैसे राज्यों की विरासत और नवाचार के माध्यम से अग्रणी भूमिका के साथ, भारत दुनिया का सबसे प्रशंसित पर्यटन और आयोजन स्थल बनने के लिए तैयार है।

## पहलगाम हमले में दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार



नई दिल्ली ,05 मई
( आरएनएस )।

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पर्यटकों की सुरक्षा की मांग करने वाली जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए याचिकाकर्ता के वकील को जमकर फटकार लगाई। याचिकाकर्ता के वकील को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह की याचिका प्रचार पाने के लिए लगाई जाती है। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिका कर्ता के वकील से पूछा कि ऐसी जनहित याचिका आपने क्यों दायर की है? आपका असली मकसद क्या है? क्या आप इस मुद्दे की संवेदनशीलता को नहीं समझ पा रहे है? इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यह पहली बार है जब जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों को निशाना बनाया गया है। इसलिए यह याचिका लगाई है कि पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर कोई निर्देश जारी की जाए।इस बीच, सिक्योरिटी फोर्सेस ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी ठिकाना खोजा है। यहां 5 द्बश्वष्ठ, वायरलेस सेट और कुछ कपड़े भी बरामद हुए हैं। पुंछ के सुरनकोट में मारहोट गांव में यह ठिकाना मिला।

## मोदी के नेतृत्व में भारत निर्ममता के साथ ड्रग कार्टेल को खत्म कर रहा : अमित शाह

नई दिल्ली ,05 मई
( आरएनएस )।

एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कि एनसीबी की अमृतसर जोनल यूनिट ने 4 राज्यों में 4 महीने तक चले ऑपरेशन के ज़रिए ड्रग डायवर्जन कार्टेल को खत्म किया, 547 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की और 15 लोगों को गिरफ्तार किया। शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नशामुक्त भारत बनाने के विजन् की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने इसके लिए एनसीबी की टीम को बधाई दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मादक पदार्थों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में एक वितरक से 1.36 करोड़ साइकोट्रॉपिक टैबलेट जब्त किए हैं। एनसीबी ने उत्तराखंड के हरिद्वार में एक निर्माता से 11,693 सीबीसीएस बोतलें और 2.9 किलो ट्रामाडोल पाउडर भी जब्त किया है। जब्त दवाओं का कुल मूल्य लगभग 547 करोड़ रुपए है।'नशा मुक्त भारत' बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन के अनुसरण में एनसीबी की अमृतसर जोनल इकाई ने पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में गैर-चिकित्सीय उपयोग के लिए फार्मास्युटिकल दवाओं के अवैध विचलन और वितरण में शामिल प्रमुख नेटवर्कों का भंडाफोड़ किया है।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में दिसंबर 2024 से अप्रैल 2025 तक खुफिया जानकारी आधारित अभियान और मामलों की जांच में 'टॉप टु बॉटम' और 'बॉटम टु टॉप' अप्रोच के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण जब्ती और गिरफ्तारियां हुईं, जिसने निर्माताओं, स्टॉकिस्टों और फ्रंट ऑपरेटरों के बीच एक जटिल गठजोड़ को उजागर किया।बीते 20-21 अप्रैल को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में छापेमारी की गई। उत्तराखंड में तलाशी के परिणामस्वरूप जे आर फार्मास्युटिकल्स से 11,693 सीबीसीएस बोतलें और 2.9 किलोग्राम ट्रामाडोल पाउडर जब्त किए गए। हिमाचल प्रदेश में प्रमुख वितरक एमबिट बायो मेडिक्स के परिसर में तलाशी से 19,25,200 टैबलेट और दिल्ली के बवाना में आशी फार्मास्युटिकल के परिसर में तलाशी से 1.17 करोड़ ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त किए गए, जो फार्मास्युटिकल दवाओं के बड़े पैमाने पर अनधिकृत कब्जे और अवैध वितरण को दर्शाता है। एमबिट बायो मेडिक्स का मालिक पहले गिरफ्तार किया गया था, जब वह 18 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से वियतनाम भागने की कोशिश कर रहा था।जांच में पता चला कि हिमाचल प्रदेश के एमबिट बायो मेडिक्स के मालिक ने पहले दिल्ली में काम किया था, जहां उसका ड्रग लाइसेंस दिसंबर 2022 में रद्द कर दिया गया था। इसे छिपाकर उसने हिमाचल प्रदेश में एक नया लाइसेंस प्राप्त किया।














## अमृतसर में आतंकी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

अमृतसर ,05 मई
( आरएनएस )।

पंजाब पुलिस ने आतंकी और आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान विजय मसीह, अग्रेज सिंह और इकबाल सिंह के रूप में हुई है, ये सभी तरनतारन के निवासी हैं। इनके तार ब्रिटेन स्थित गैंगस्टर धर्मप्रीत सिंह उर्फ धर्म संधू और तरनतारन के जस्सा पट्टी से जुड़े हैं।

पुलिस ने इनके कब्जे से 3 ग्लॉक पिस्तौल, 3 बेरेटा 30 बोर पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस (9 मिमी), 20 जिंदा कारतूस (30 बोर), 4 मोबाइल फोन और एक एक्टिवा स्कूटर बरामद किया है।

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि ये तीनों अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों के साथ संपर्क में थे और अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल थे। पुलिस ने थाना लोपोके में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, ताकि इस नेटवर्क की पूरी जानकारी सामने आ सके।पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तीन सहयोगियों विजय मसीह, अग्रेज सिंह और इकबाल



सिंह, सभी तरनतारन के निवासी को गिरफ्तार किया है, जो ब्रिटेन स्थित गैंगस्टर धर्मप्रीत सिंह उर्फ धर्म संधू और तरनतारन के जस्सा पट्टी से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 3 ग्लॉक पिस्तौल, 3 बेरेटा 30 बोर पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस (9 मिमी), 20 जिंदा कारतूस (30 बोर), 4 मोबाइल फोन और 1 एक्टिवा स्कूटर बरामद किया है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि तीनों अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों के साथ सक्रिय संपर्क में हैं और अवैध हथियारों की आवाजाही में शामिल हैं। पुलिस थाना लोपोके में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का किया लोकार्पण

## 142 वर्षों बाद जांजगीर को मिला नया तहसील भवन

**जांजगीर-चांपा, 5 मई (लोकसदन ब्यूरो)।**

सुशासन तिहार के तहत 'संवाद से समाधान' की भावना के साथ आकस्मिक दौरे पर जांजगीर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिलेवासियों को 142 वर्षों बाद एक ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने नव-निर्मित तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। अंग्रेजी शासन काल में वर्ष 1883 में बना पुराना तहसील भवन अब इतिहास बन गया है, और उसकी जगह 4 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन जनता को समर्पित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन तक सेवाओं की सरल, सहज और सुगम पहुँच सुनिश्चित हो, और यह नवीन तहसील कार्यालय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इस भवन से क्षेत्र के 54 गांवों और 24 पटवारी हल्कों के नागरिकों को राजस्व से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।



नवीन तहसील भवन में प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के कुशल संचालन के लिए आवश्यक समस्त सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसमें लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वहीं आवक-जावक शाखा में दस्तावेजों का नियमानुसार प्रेषण और आवाज सुनिश्चित किया जाएगा। न्यायालयीन दस्तावेजों के संधारण के लिए नजीर शाखा, निर्वाचन से संबंधित कार्यों के लिए निर्वाचन शाखा, भूमि व राजस्व अभिलेखों के लिए कानूनगो शाखा तथा राजस्व वसूली और आर्थिक प्रबंधन के लिए मालजमादार कक्ष की स्थापना की गई है। साथ ही, कार्यालय भवन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों के लिए सर्वसुविधायुक्त कक्ष बनाए गए हैं। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष श्री नारायण चंदेल, विधायक श्री व्यास कश्यप, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# हत्या का फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कांकेर, 05 मई (आरएनएस)।**

नाबालिक बालिका हत्यारा गिरफ्तार। जादू टोना की शंका पर धारदार कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला। हत्या का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार। नाबालिक के नृशंस हत्या का पर्दाफाश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 03-05-2025 को प्रार्थी ललता मरकाम पिता स्व- लखमू राम मरकाम उम्र 56 वर्ष लारगांव मरकाटोला बरपारा का रहने वाला हूं खेती किसानी का काम करता हूं गांव में नया मकान बना रहा हूं कि आज दिनांक 03-05-2025 के सुबह 08-00 बजे अपनी पत्नी बालो बाई एवं बेटी टिकेश्वरी के सांथ घर के काम के लिए बैलगाड़ी से तुमड़ाबांधा अपने खेत में गिट्टी लेने के लिए गया हुआ था गिट्टी लेकर मैं अपनी पत्नी और बेटी के सांथ करीबन 10-30 बजे वापस घर आया तो देखा की मेरी बेटी मिनाक्षी मरकाम हमारे घर में बने पूजा कमरा के सामने परछी में लहूलुहान गिरी पड़ी थी वहीं पास तुलसीराम ढेकुना का तुलसी राम निषाद पिता स्व- बैजनाथ निषाद जो घर में रहकर लेवर काम करता था, वह खून से सना हुआ कुल्हाड़ी लेकर खड़ा था जिसमें मेरी लड़की को क्यों मारे कहकर पूछा तो वह मुझे बताया कि तुम्हारी बेटी मिनाक्षी मुझ पर जादू टोना कर रही थी इस कारण मैंने उसे कुल्हाड़ी से मारा है। मेरी लड़की मिनाक्षी को देखकर पत्नी बालो बाई और लड़की टिकेश्वरी जोर जोर से रोते हुये मिनाक्षी को उठाकर देखे उसकी सांस चल रही थी इसी बीच मौका पाकर तुलसीराम निषाद उपने हांथ में रखे कुल्हाड़ी लेकर घर पिछे बाड़ी तरफ भागने लगा जिसे मैं दौड़ाया लेकिन वह मुझे नहीं मिला। घर का पूजा रूम के सामने का परछी में मेरी लड़की मिनाक्षी पड़ी हुयी थी उसके सिर , एवं गाल तथा कान के पास धारदार कुल्हाड़ी से मारने का निशान था जिसमें से खून निकलकर पुरा परछी में फैला हुआ था।

## अपहरण कर नाबालिग से दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर, 05 मई (आरएनएस)।**

जिले की चारामा थाना पुलिस ने एक नाबालिग का अपरहण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 25.02.25 को प्रार्थी थाना चारामा आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग पुत्री दिनांक 23.02.25 को घर में बिना बताये कही चली गयी है जिसका उसके सहेली एवं आस पास घरो में तथा रिस्तेदारो सगा समाज में पता किये कोई पता नही चला मेरी नाबालिक पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट पर दिनांक 25.02.25 को गुम इंसान क्रमांक 07/2025 एवं अपराध क्रमांक 31/2025 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर जांच पता तलाश में लिया गया। मामला नाबालिग बालिका संबंधी होने एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उमनि. एवं वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के. ऐलिसेला (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू बहू के के नेतृत्व में टीम गठित कर पीडित अपहृता एवं आरोपी का पता तलाश किया गया। मामले में विवेचना के दौरान दिनांक 02.05.2025 को सूचना प्राप्त होने पर नया बस स्टेण्ड कांकेर सार्वजनिक स्थान से परिजनों व मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष बरानद कर साथ धाना चारामा लाकर परिजनों के समक्ष पीड़िता का महिला विवेचना अधिकारी द्वारा पूछताछ कर कथन लिया गया जिसने अपने कथन में दिनांक 23.02.2025 को रात्रि में घर में बिना बताये निकलकर कांकेर गयी कांकेर में राजा पारा मंदिर के पास बैठी थी रात्रि करीबन 01.00 बजे एक लडका मेरे पास आया और मुझसे मेरा नाम पता पूछा तो मैं उसको बतायी। रात होने एवं किराया रूम नही मिलने से विकास विश्वकर्मा मुझे अपने मामा के घर लेकर गया औरमें तुमसे प्यार करता हूं और शादी करूंगा बोलकर नाबालिग जानते हुए शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया है, प्रकरण में धारा 64,64(ड), 65(1) बी.एन.एस. 4,6 पॉक्सों एक्ट जोडा गया है। आरोपी विकास विश्वकर्मा पिता देवनाथ विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी राजापारा कांकेर थाना कांकेर जिला कांकेर छ0ग0 से पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर दिनांक 04.05.25 को गिर0 कर न्यायालय में पेश किया गया है

## वृद्धा आश्रम खोलने के नाम पर 25 लाख रूपये की ठगी,आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग, 05 मई (आरएनएस)।**

वृद्धा आश्रम एवं एनजीओं खोलने पर 25 करोड़ रूपये मिलने का झांसा देकर एनजीओं व वृद्धा आश्रम खोलने के लिये प्रोसिंग शुल्क व रजिस्टेशन के नाम पर 25 लाख रूपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनेन्द्र साहू ने दिनांक 15.10.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी एम प्रकाश कुमार निवासी गिद्दलूरी जिला प्रकाशम आन्ध्राप्रदेश के द्वारा वृद्धा आश्रम एवं एनजीओं खोलने पर 25 करोड़ रूपये मिलने का झांसा देकर एनजीओं व वृद्धा आश्रम खोलने के लिये प्रोसिंग शुल्क व रजिस्टेशन के नाम पर 25 लाख रू अलग अलग किस्तों में रकम लेकर ठगी करना बताने पर थाना नेवई में अपराध क्रमांक 301/2024 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण का आरोपी एम प्रकाश कुमार सकुनत से लुक छिप रहा था पता तलाश की जा रही थी। ाीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय विजय अग्रवाल के निर्देशन में अति.पुलिस अधीक्षक (शहर) दुर्ग सुखनंदन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर श्री सत्यप्रकाष तिवारी के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी नेवई के नेतृत्व में आरोपी एम प्रकाष को पकडने टीम गठित कर आन्ध्राप्रदेष रवाना किया गया जहां से पूछताछ हेतु थाना लेकर आया जो अपराध घटित करना स्वीकार करने व रकम को खर्च होना बताने पर आरोपी एम प्रकाष को दिनांक 03.05.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

## सुशासन तिहार में लोगों को मिल रहा फायदा

**धमतरी, 05 मई (आरएनएस)।**

मुख्यमंत्री साय के शासन में आम जनता के समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सुशासन तिहार संचालित की जा रही है। सुशासन तिहार के माध्यम से जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलगांव में राशि -20 लाख रुपए एवं गट्टासिल्ली में राशि -30 लाख रुपए मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण कुमार सार्वा के प्रयास से ग्रामीणों की मांग पर तत्काल सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया। जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत सामुदायिक भवन के बन जाने से पंचायत से संबंधित कार्यक्रम, सामाजिक बैठकों सहित विभिन्न कार्यक्रम में सुविधा होगी। ग्रामीणों की मांग पर सुशासन तिहार में सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया है। इसके लिए बेलरगांव एवं गट्टासिल्ली वासियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

## मनरेगा योजना से 11 लाख 69 हजार रुपए की मिली स्वीकृति

**धमतरी 05 मई (आरएनएस)।**

जिले के कुरुद विकासखंड के ग्राम पंचायत दरबा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य क्रमांक 02 के लिए राशि 11 लाख 69 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दिया गया।

जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में संचालित आंगनबाड़ियों को और अधिक बेहतर व सुंदर बनाकर बच्चों एवं गर्भवती माता को सुव्यवस्थित सेवाएं प्रदान की जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रमुख सेवाओं में अनुपूरक आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और पोषण शिक्षा इसके अलावा तीन से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए विद्यालय पूर्व शिक्षा शामिल है। गर्भवती माता और बच्चों की देखभाल का केंद्र है आंगनबाड़ी। इसके जरिए बच्चों में होने वाले कुपोषण जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए राज्य शासन द्वारा



इन केंद्रों को संचालित किया जा रहा है। जिसका प्रतिफल अब दिखाई देने लगा है। प्रदेश में कुपोषण की दर में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। बाल्यावस्था की विभिन्न अवस्थाओं पर बच्चों की आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष रूप से निर्धन और निम्न आयु वर्ग के परिवार के बच्चे प्रारंभिक पढ़ाई करते हैं। शिशुओं के प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य, बाल पोषण विद्यालय, शिक्षा तथा बच्चों के टीकाकरण आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधानुसार की जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र का मतलब है बाल विकास और वृद्धि में सहायता प्रदान करना।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्मित आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया है। इन केन्द्रों की दीवारों को आकर्षक रंगों से रंगकर चित्रकारी की गई है । इससे छोटे बच्चे निश्चित ही सम्मोहित होंगे। वहीं बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ेंगे। जिले में कई ऐसे पंचायत हैं जहां बच्चों की संख्या अधिक होने से आंगनबाड़ी केंद्र की महसूस ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए मुआयना किया गया। तकनीकी प्राक्कलन हेतु जनपद पंचायत कुरुद को निर्देशित किया गया था। सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने आगे यह भी बताया कि विकासखंड कुरुद के ग्राम पंचायत दरबा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2024 में नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य क्रमांक 02 के लिए राशि 11 लाख 69 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई। आंगनबाड़ी केंद्र बनने के बाद नौनिहाल बच्चे बड़े उत्साह के साथ अ आ इ ई उ ऊ के साथ भविष्य के सुनहरे सपने बुनेंगे।

## कृषि उद्यमी प्रशिक्षण संपन्न : नक्सल पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिला प्रशिक्षण

**सुकमा, 05 मई (आरएनएस)।**

जिला प्रशासन सुकमा द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था क़ायम रखने और पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (तैम्ज्प) के माध्यम से आत्मसमर्पण करने वाले पूर्व माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है।

नक्सल पुनर्वास नीति के तहत इन युवाओं को आर-सेटी प्रशिक्षण केंद्र सुकमा में 24 आत्मसमर्पित युवाओं को कृषि उद्यमी की आधुनिक तकनीकों तथा पशुपालन के नवीन और उत्पादक तरीकों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। यह 13 दिवसीय प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में एक सशक्त कदम है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्रिप इरिगेशन, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक धान की खेती, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, फल प्रोसेसिंग, डेयरी पालन, बकरी पालन, मछली पालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, औषधीय पौधों की जानकारी जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्हें उद्यमिता विकास के लिए वित्तीय साक्षरता और लघु उद्यम स्थापित करने की प्रक्रिया भी सिखाई जा रही है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सुदर्शन पहाड़ पर दिखा तेंदुआ, शहर में मचा हड़कंप

**डोंगरगढ, 05 मई (आरएनएस)।**

शहर के प्रसिद्ध सुदर्शन पहाड़ पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों ने एक तेंदुए को पहाड़ की ढलानों पर खुलेआम घूमते हुए देखा। पहले-पहल लोगों ने इसे अफवाह मानकर नजरअंदाज किया, लेकिन जब तेंदुए की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे, तो यह स्पष्ट हो गया कि एक जंगली तेंदुआ अब शहर की सरहदों तक पहुंच चुका है।

सुदर्शन पहाड़ का इलाका कभी घने जंगल और जैव विविधता के लिए जाना जाता था, लेकिन अब इसके आसपास सरकारी कॉलोनियां, अफसरों के आवास और आम नागरिकों की बस्तियां बस चुकी हैं। वन्यजीव का इस क्षेत्र में दिखाई देना शहर और जंगल के बीच बढ़ते संघर्ष का संकेत माना जा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके में पिंजरे लगाए, रेस्क्यू टीमें तैनात की गईं और प्रभावित क्षेत्र को घेर लिया गया है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे क्षेत्र में सावधानी बरतें और किसी भी प्रकार की गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। यह घटना केवल एक वन्यजीव की आमद नहीं, बल्कि मानव विस्तार और प्राकृतिक आवासों के क्षरण का परिणाम है। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार हो रहे शहरीकरण और जंगलों की कटाई के चलते जंगली जानवरों का मानव बस्तियों की ओर आना अब आम होता जा रहा है।

## सोड़ी अर्पण का बना आधार कार्ड

**सुकमा, 05 मई (आरएनएस)।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार आम जनमानस के लिए राहत और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। इस अभियान के अंतर्गत अब सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर इसका लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से समाधान खुद चलकर दरवाजे पर पहुंच रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार में आवेदन करने पर कोंटा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मनीकोण्टा निवासी सोड़ी अर्पण का आधार कार्ड एनरोलमेंट किया गया। शासन के द्वारा आधार कार्ड आने पर हितग्राही को प्रदान किया जाएगा।

## सुशासन तिहार 2025 के निराकृत आवेदनों का किया गया औचक निरीक्षण

**भिलाई, 05 मई (आरएनएस)।**

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर निगम भिलाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का सत्यापन करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्त एसा लहरे के साथ वार्ड क्रमांक 15 में निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य निराकृत आवेदनों की जमीनी हकीकत को परखना और नागरिकों की संतुष्टि सुनिश्चित करना था।

भिलाई नगर निगम में सुशासन तिहार के दौरान कुल 1683 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1228 आवेदन मांग से संबंधित, 455 शिकायतें थीं। अब तक 1055 मांग संबंधी आवेदन और 343 शिकायतें निराकृत की जा चुकी हैं, जबकि 173 मांग और 112 शिकायतें अभी भी लंबित हैं, जिनका निराकरण प्रक्रिया में है। जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सभी नगर निगमों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर यह सुझाव दिया गया था कि निराकृत आवेदनों का औचक निरीक्षण कर पब्लिक की संतुष्टि का मूल्यांकन किया जाए। इसी क्रम में आयुक्त राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 15 की निवासी पूर्णिमा गुप्ता के घर पहुंचे, जिनकी समस्या थी कि मकान नीचे होने के कारण बारिश के समय उनके घर में पानी भर जाता है। आयुक्त ने समस्या के स्थायी समाधान हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी वार्ड में बैकलाइन सीवरेज की समस्या का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान शांति नगर स्थित सियान सदन के पास नजूल भूमि पर किए गए अतिक्रमण का भी निरीक्षण हुआ। आयुक्त ने सहायक राजस्व प्रभारी शरद दुबे को सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही, वैशाली नगर में पूर्व साडा द्वारा आवंटित 20 दुकानों को लेकर मिली शिकायतों की जांच के आदेश भी दिए गए, जिसमें कुछ दुकानों को अवैध रूप से किराए पर चलाने की बात सामने आई है। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद संतोष मौर्य, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### नोडल अधिकारी समाधान शिविर स्थलों का निरीक्षण कर दें रिपोर्ट - कलेक्टर

## कलेक्टर ने सुशासन तिहार में मिले आवेदनों और समाधान शिविरों के तैयारियों की ली जानकारी

**धमतरी, 05 मई (आरएनएस)।**

शासन की महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार का तीसरा चरण आगामी 5 मई से शुरू हो रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज सुशासन तिहार में मिले आवेदनों और समाधान शिविरों की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी समाधान शिविर स्थलों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की रिपोर्ट दें। साथ ही प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से शुरू होगा, जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों पर समाधान शिविर लगेंगे। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदनों का निराकरण के संबंध में आवेदकों को बताया जाएगा। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिविरों में उपस्थित लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी दी जाये। कलेक्टर मिश्रा ने इन शिविरों के आयोजन के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं।



उन्होंने शिविर आयोजन की तिथि से कम से कम तीन दिन पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को शिविर आयोजन स्थल का पहले ही मौका मुआयना कर जरूरी तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही नोडल अधिकारियों को इन शिविरों के आयोजन के लिए संबंधित सरपंचों और पंचायत सचिवों से पूर्व में चर्चा कर योजना बनाने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी करने कहा। कलेक्टर ने इन शिविरों में संबंधित क्लस्टर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर स्थलों पर छाया, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करें। साथ ही इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण एवं जानकारी भी देने कहा। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन आदि लेने का काम भी किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर, पोषण शिविर, कृषि यंत्र-सामग्री वितरण, सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न उपकरण, सामग्रियों का वितरण आदि कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि तीसरे चरण में जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में कुल 39 समाधान शिविर लगेंगे। अभियान के पहले चरण में जिलेवासियों से मिले आवेदनों के निराकरण की जानकारी इन शिविरां में दी जाएगी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कुरूद विकासखण्ड में 10, धमतरी विकासखण्ड में 8 तथा नगरी और मगरलोड विकासखण्ड में 7-7 समाधान शिविरों का आयोजन होगा। इसके साथ ही धमतरी नगर निगम-02, नगर पंचायत भखारा-01 नगर पंचायत आमदी-01, नगर पंचायत मगरलोड-01, नगर पंचायत कुरूद-01, नगर पंचायत नगरी-01 में समाधान शिविर आयोजित किये जायेंगे। यह समाधान शिविर आयोजन स्थल के आसपास की 10-12 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर आयोजित होंगे।

# पाली ब्लाक के मदनपुर में उतरा मुख्यमंत्री का उड़नखटोला

- मुख्यमंत्री ने कहा आमनागरिको से मिलने, उनकी समस्याओं का निराकरण और योजनाओं की हकीकत जानने का माध्यम है सुशासन तिहार
- हम आपके सेवक है और आप अपनी समस्याओं को जरूर बताएं-मुख्यमंत्री
- समाधान शिविर के माध्यम से जनता के आवेदनों का निराकरण होने लगा






लोकसदन 05 मई 2025
कोरबा, (ब्यूरो)।

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज तीसरे चरण का आगाज हो गया। कोरबा जिले में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने समाधान शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर ग्रामीणों में खुशियों का माहौल बना दिया। चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर में जहाँ ग्रामीणों से संवाद किया वहीं मुख्यमंत्री ने समाधान पेटी में डाले गए आवेदनों की निराकरण की स्थिति भी जानी। उन्होंने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए ग्रामीणों से उनके गाँव और गाँव की समस्या के बारे में जानकारी ली और कहा कि आज सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव में आई है। इसके माध्यम से सरकार योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी आपके सेवक है और और सुशासन तिहार की इस अवधि में प्रदेश में बिना किसी को बताए किसी भी स्थान पर जाएंगे और वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज तीसरे चरण के पहले दिन ऊर्जाधानी कोरबा आना हुआ और आप सभी से मिलना हुआ। मुख्यमंत्री ने सभी को सम्बोधित करते हुए अपील की कि सरकार आपकी सेवा के लिए हैं और जो भी समस्या है उसे चिट्ठी लिखकर जरूर बताएं। सरकार तत्पर है आपकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण के पहले दिन पाली ब्लॉक के ग्राम मदनपुर समाधान शिविर में मुख्यमंत्री श्री साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से हमारी सरकार बनी और डेढ़ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए हर वादे को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शपथ लेते ही अगले दिन से प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। किसानों का वादा पूरा किया। 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया। दो वर्ष बकाया धान बोनस भी दी। 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वन्दन योजना की राशि उनके खाते में देकर आर्थिक समृद्धि का द्वार खोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के हित में निर्णय लेते हुए प्रति मानक बोरा की राशि 4 हजार से 5500 रुपये किया गया। इसके साथ ही रामलला दर्शन योजना प्रारंभ कर 22 हजार हितग्राहियों को दर्शन कराया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने बड़े-बुजुर्गों की इच्छाओं को पूरा करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को पुनः प्रारंभ किया है। इस अवसर पर विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम, प्रेमचंद पटेल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव मुख्यमंत्री पी दयानन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह आदि उपस्थित थे।

## नामांतरण होगा आसान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के साथ कार्यवाही भी कर रही है। डीएमएफ की राशि का दुरुपयोग करने वालों पर भी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री के साथ सरकार ने नामांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की है। इससे कोई अधिकारी नामान्तरण के नाम पर किसी को घुमा नहीं पायेगा। एक घण्टे से कम समय में नामांतरण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने वाली यह सरकार सुशासन की दिशा में कार्य कर रही है।

## पीएम ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बहुत पैसा दिया

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बहुत पैसा दिया। यह डबल इंजन की सरकार है। पैसों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कोरबा में अनेक बड़े कार्य स्वीकृत होने की बात कहते हुए कोरबा से पेंड्रा, धरमजयगढ़ रेललाइन से क्षेत्र का विकास होने की बात कही।

## मुख्यमंत्री का धन्यवाद-उद्योग मंत्री

समाधान शिविर में पहुँचे उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेश के कोने-कोने में शिविर का आयोजन कर आवेदन लिए गए। इस बहाने लोगो से न सिर्फ मुलाकात होगी। उनकी समस्याओं का निराकरण भी होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी अचानक से किसी भी जगह जाएंगे। हमें भी मालूम नहीं था कि वे यहाँ आएंगे। यह सौभाग्य है कि सुशासन तिहार के पहले दिन वे कोरबा जिले के मदनपुर आये। इसके लिए मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार धूप छांव की परवाह नहीं करती। हम सभी जमीन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि सरकार बनने के कुछ दिनों के भीतर ही मोदी की गारंटी को पूरा किया गया है।

## कलेक्टर ने किया शिकायतों का वाचन

कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि जिले में 1 लाख 78 हजार 418 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम मदनपुर के क्लस्टर में कुल 3769 आवेदन आये,जिसमे से 29 शिकायत से सम्बंधित है। सभी आवेदन का निराकरण किया गया है। उन्होंने आवेदन की प्रकृति के विषय में बताते हुए कहा कि विकास कार्यों से सम्बंधित माँग को पूरा करने के लिए डीएमएफ से भी सहयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के संबंध में सभी जानकारी प्रदान की गई थी। समाधान शिविर में एसडीएम पाली सुश्री सीमा पात्रे ने शिकायतों का वाचन किया।

## शासन की योजनाओं से जीवन में आया बदलाव

समाधान शिविर में पीएम आवास, महतारी वंदन योजना, पीएम सम्मान निधि के किसानों ने योजना का लाभ उठाकर जीवन में आए बदलाव को बयां किया। पीएम आवास की हितग्राही श्रीमती राजनंदिनी डोंगरे ने बताया कि पहले वे मिट्टी के घर में रहते थे। पक्का मकान बनने से बारिश के दिनों में होने वाली चिंताएं अब नहीं रहती। पक्का घर का सपना पूरा हो गया है। महतारी वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती रमाबाई पैकरा ने बताया कि उन्हें अब तक 15 किस्त मिला है। इस राशि का उपयोग उन्होंने अपनी दोनों बेटियों के नाम पर सुकन्या समृद्धि योजना में किया है ताकि भविष्य में इस राशि का उपयोग बेटियों की पढ़ाई के लिए हो सके। किसान कन्हैया लाल ने बताया कि उन्होंने सुशासन तिहार में अपनी जमीन को ऑनलाइन करने आवेदन दिया था। आज मालूम हुआ कि उनका रिकार्ड ऑनलाइन हो गया है। इसका प्रमाण पत्र भी मिला है। उन्होंने बताया कि उन्हें पीएम सम्मान निधि अंतर्गत भी राशि मिलती है। किसान ने सुशासन तिहार के आयोजन की सराहना भी की।

## ग्रामीणों को बैंक नहीं जाना पड़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 24 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ की है। इस योजना से सभी ग्राम पंचायत जुड़ेंगे और ग्रामीणों को गाँव में ही बैंक जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र में किसी भी योजना के हितग्राहियों को राशि निकालने में सुविधा होगी। वही जाति, निवास सहित अन्य दस्तावेज भी मिल पाएंगे। अभी 1460 पंचायत में यह प्रारंभ की गई है। इससे ग्रामीणों को बैंक तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

## हर पात्र और जरूरतमन्द को मिलेगा पीएम आवास

मुख्यमंत्री ने बताया कि आने वाले दिनों में केंद्रीय पंचायत मंत्री शिवराज सिंह छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान लाखों पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सभी गरीबों को पक्का आवास देना चाहते हैं। अब पीएम आवास के लिए नियमों को शिथिल किया गया है। पाँच एकड़ असिंचित और ढाई एकड़ सिंचित भूमि वाले, दोपहिया वाहन वाले, 15 हजार रुपए मासिक आमदनी वाले हितग्राहियों को भी आवास उपलब्ध हो सकेगा। इसके लिए सर्वे भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में अनेक मांग आई है। उज्वला योजना के लिए भारत सरकार से बातचीत कर इन मांगों को भी पूरा किया जाएगा।

## खास @ न्यूज

### पीईटी तथा पीपीएचटी की परीक्षा 8 को

लोकसदन 05 मई 2025
कोरबा, (ब्यूरो)।

छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित पीईटी तथा पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा गुरूवार आठ मई को दो पालियों में आयोजित होगी।




प्रथम पाली में पीईटी की परीक्षा प्रातः 9 बजे से अपरांह 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में पीपीएचटी की परीक्षा अपरांह 2 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिये कोरबा जिले में तीन परीक्षा केंद्र- शा.इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा, सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल सीएसईबी कोरबा (पूर्व) एवं आईटी कालेज झगरहा कोरबा को बनाया गया है। पीईटी प्रवेश परीक्षा में 813 और पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा में 1042 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केन्द्र बनाया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07759221458 है। कलेक्टर कार्यालय कोरबा के कक्ष क्रमांक 06 वरिष्ठ लिपिक/परीक्षा शाखा में अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति तक लगाई गई है। उक्त परीक्षा के निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है और ब्रिफिंग हेतु सात मई को दोपहर 12 बजे शासकीय पीजी कालेज कोरबा में बैठक रखी गई है।

### शासन की योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री का किया गया वितरण



लोकसदन 05 मई 2025
कोरबा, (ब्यूरो)।

सुशासन तिहार अन्तर्गत तृतीय चरण में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा जिले में आज पाली ब्लाक के मदनपुर, कोरबा ब्लाक के भैंसमा और पोंड़ी उपरोड़ा ब्लाक के पसान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा जिले में किये गये महत्वपूर्ण विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से आम लोगों को बताया गया। जनसंपर्क विभाग के श्री मनीष यादव द्वारा पाली ब्लाक के मदनपुर में प्रदर्शनी लगाकर प्रचार सामग्री- हम सबके राम, सुशासन के नवीन आयाम, आदिवासियों का उत्थान, विष्णु का सुशासन, जनादेश परब रिपोर्ट कार्ड, खुशियों का आशियाना, छत्तीसगढ़ जनमन आदि का वितरण किया गया। प्रदर्शनी में पहुंची श्रीमती हेमबाई, दुखनी ध्रुव, बैशाखा अहिर, अनार कुंवर, प्रतिमा अहिर, सुमन खैरवार, फुलचंद, राजाराम, बिरजू खैरवार, नारायण प्रसाद आदि ने प्रचार सामग्री प्राप्त करने के पश्चात कहा कि इससे शासन की योजनाओं की जानकारी मिलेगी और वे भी योजनाओं के संबंध में अन्य किसी को बता पायेंगे। महिलाओं ने बताया कि उन्हें महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त होती है। यह राशि हर माह वे खाते से निकाल लेती हैं। राशि का उपयोग घर के जरूरी खर्चों के लिये किया जाता है।

# समाधान शिविर : भैसमा क्लस्टर में 4322 आवेदन हुए प्राप्त

- जनहित में हुए त्वरित निराकरण

लोकसदन 05 मई 2025
कोरबा, (ब्यूरो)।






सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत आज हाईस्कूल भैसमा परिसर में भव्य सुशासन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार...' के साथ हुआ। शिविर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती राठिया, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 01 श्रीमती रेणुका राठिया, क्षेत्र क्रमांक 02 श्रीमती सुस्मिता अनंत कमलेश,जनपद सदस्य भैसमा श्री भूपेन्द्र सिंह कंवर,तिलेश्वरी, भैंसमा सरपंच संजय कुमार कंवर, कुरुडीह सरपंच सूरज बाई कंवर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समाधान शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा श्रीमती कौशाम्बी गबेल ने सुशासन तिहार की विभिन्न चरणों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि शिविर में कुल 4322 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 2244 मांग पत्र एवं 78 शिकायतें शामिल हैं। सभी विभागों द्वारा आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर समाधान प्रस्तुत किया गया।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती राठिया ने नागरिकों को संबोधित करते हुए शिविर की सफलता के लिए सभी को बधाई दी। जिला सदस्य श्रीमती सुष्मिता अनंत कमलेश ने सरकार की जनपक्षीय योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन का उद्देश्य धरातल पर समस्याओं का समाधान है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया ने पंजीकृत आवेदनों के त्वरित निराकरण पर बल दिया। शिविर के नोडल अधिकारी सरोज महिलांगें एसडीएम, राजस्व ने नागरिकों और विभागीय अमलों को धन्यवाद देते हुए शिविर की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

शिविर के दौरान अनेक हितग्राहियों को उनकी मांग अनुसार स्वीकृति पत्र, कार्ड एवं संसाधन वितरित किए गए जिसमें राशन कार्ड 25,पेंशन स्वीकृति आदेश 51,आवास पूर्णता प्रमाणपत्र एवं चाबी 12,स्प्रेयर 05 खेल सामग्री किट 03,किसान ऋण पुस्तिका 02,जन्म प्रमाण पत्र 01आदि हितग्राहियों को प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का समापन उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए किया गया। इसी प्रकार पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम पसान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पसान, लैंगी, कुम्हारीसानी, बैरा, खोडरी, चंद्रौटी, कर्री, अड़सरा और सेन्हा के ग्रामीणों को उनके द्वारा दिए गये आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी गई।

# जिले के मिरौनी में सुशासन तिहार समाधान शिविर का किया गया आयोजन

लोकसदन 05 मई 2025
सक्ती, (ब्यूरो)।



मुख्यमंत्री के मंशानुरूप शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्तियो तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज सक्ती जिले के मिरौनी में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिरौनी में डभरा जनपद पंचायत के ग्राम गोपालपुर, चंदली, कलमा, कांशीडीह, डोमनपुर, नवापारा म, पलसदा, बोरसी, बिलाईगढ़ सि, बरहागुडा, मड़वा, सिरौली, हरदी, बालपुर, से कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सभी आवेदन निराकृत किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदन आदि की विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उनके विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

समाधान शिविर में सभी विभागों के जिला, अनुविभाग एवं खण्डस्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव, बालेश्वर राम अनुविभागीय अधिकारी डभरा, सी.के. आदिले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत डभरा, संजय मिंज तहसीलदार डभरा, आशीष पटेल नायब तहसीलदार डभरा, अनुराग भटट नायब तहसीलदार चन्द्रपुर तथा समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# देवांगन बने सांसद प्रतिनिधि



लोकसदन 05 मई 2025
पाली/कोरबा, (ब्यूरो)।

ग्राम पंचायत नुनेरा के प्रतिष्ठित व्यक्ति सरदेशी राम देवांगन को सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने जिला यूनियन मर्यादित वन मंडल कटघोरा के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री देवांगन के इस नियुक्त पर क्षेत्र के कांग्रेसियों में हर्ष व्यप्त है।

# पाली सीईओ की निष्क्रियता नारी सशक्तिकरण पर भारी, ग्राम पंचायतों से लेकर जनपद कार्यालय तक सरपंच पतियों का दखल

- महज रबर स्टैम्प बनी महिलाएं सरपंच

लोकसदन 05 मई 2025
पाली/कोरबा, (ब्यूरो)।

जिले के जनपद पंचायत पाली अंतर्गत लगभग 50 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में महिलाएं सरपंच निर्वाचित हुई है। लेकिन अधिकांश जगह उनके पति व अन्य रिश्तेदार पंचायती करने लगे है। यहां तक कि जनपद पंचायत कार्यालय की बैठकें अथवा अन्य कार्यालयीन कार्यों में भी दखल देखने को मिल रहा है। जबकि निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि की भूमिका सिर्फ साइन करने या अंगूठा लगाने तक सीमित रह गई है। वहीं जरूरत पड़ने पर पति ही अपनी सरपंच पत्नी का फर्जी हस्ताक्षर करने में भी कोई गुरेज नही करते। जबकि पंचायतीराज विभाग इसे आपराधिक कृत्य मानता है और मुकदमा भी दर्ज हो सकता है। जानकारी के मुताबित यदि पंचायत में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति, निकट संबंधी, रिश्तेदार व अन्य का दखल रहता है तो कार्रवाई के अधिकार ग्राम पंचायत में सचिव, पंचायत समिति में बीडीओ और जिला परिषद में सीईओ के पास होता है। पाली जनपद में अक्सर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के पतियों अथवा अन्य रिश्तेदारों का दखल देखने को मिलता है, जिस पर रोक




लगाने वाला कोई नही है। ऐसे में ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत कार्यालय तक बेखौफ सरपंच पतियों की धमक है। बता दें कि पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर उनके पति या रिश्तेदारों के हस्तक्षेप मामले को लेकर भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली ने कड़े रुख अख्तियार कर फैसले लिए है। जिसमे राज्य सरकार को पत्र जारी कर कहा गया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के ग्रामीण पंचायतों में महिला पंचायत पदाधिकारियों की भागीदारी 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। निर्वाचित महिला पंचायत पदाधिकारियों को पंचायतों के कामकाज यथा नियोजन, क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण, नियंत्रण आदि में स्वयं निर्णय लेने हेतु पंचायत संचालन के दौरान पंचायत कार्यालय परिसर के भीतर महिला पंचायत पदाधिकारियों को उनके कोई भी सगे संबंधी/रिश्तेदार पंचायत के किसी कार्य मे हस्तक्षेप/दखलअंदाजी नही करेंगे। किसी विषय पर किसी भी पदाधिकारी/कर्मियों को महिला पंचायत पदाधिकारी की ओर से निर्णय लेकर सुझाव/निर्देश नही देंगे, अन्यथा संबंधित महिला पंचायत पदाधिकारियों के विरुद्ध पंचायतराज अधिनियम 1993 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जावेगी। राज्य शासन द्वारा जिस पत्र के परिपालन में सभी जिले के कलेक्टर को निर्देश प्रति भेजकर उसका पालन सुनिश्चित कराने कहा गया है। लेकिन पाली सीईओ की निष्क्रियता और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता से उन निर्देशों का अंश भर पालन नही हो रहा, बल्कि पंचायतों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पति या परिवार के अन्य सदस्य अथवा रिश्तेदार ही पंचायत का संचालन कर रहे है। पंचायत भवन में उनकी कुर्सी पर बैठने और सारे निर्णय लेने के साथ उनके हस्ताक्षर भी कर रहे है। वहीं पंचायती कार्य लेकर जनपद कार्यालय भी पहुँच रहे है, जो सर्वेसर्वा बने हुए है। वहीं जनपद सीईओ मौंन साधे बैठे है।

## संपादकीय

# जाति गणना और आरक्षण

जातिगत जनगणना की घोषणा के बाद ऐसे निष्कर्ष निकाले जाने पर हैरानी नहीं कि इस जनगणना के आंकड़े आ जाने के उपरांत आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को बढ़ाने के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग की कुछ समर्थ जातियों को ओबीसी के दायरे से बाहर किया जा सकता है। भविष्य में जो भी हो, इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को तोड़ने की मांग पहले से ही हो रही है। इसी तरह यह भी एक सच्चाई है कि ओबीसी की आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से सक्षम कुछ जातियों ने आरक्षण का अधिक लाभ अर्जित किया है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने पिछले लगभग चार दशकों में आर्थिक प्रगति से हुए बदलावों का लाभ उठाकर स्वयं को उन्नत किया है। पिछड़े वर्ग की कुछ सक्षम जातियां आरक्षण का अधिकतम लाभ उठाने में इसलिए समर्थ रहीं, क्योंकि वर्तमान आरक्षण नीति इस पर केंद्रित नहीं है कि सर्वाधिक लाभ वास्तविक रूप से सबसे पिछड़ी जातियों को मिले। इसके अतिरिक्त इस तथ्य को भी ओझल नहीं किया जा सकता कि सामाजिक न्याय की बात करने वाले कुछ क्षेत्रीय दलों के नेता जब सत्ता में आए तो उन्होंने समस्त पिछड़े वर्ग के स्थान पर जाति विशेष के लोगों के उत्थान पर अधिक ध्यान दिया। स्पष्ट है कि जातिगत जनगणना कराए जाने के साथ ही आरक्षण नीति की विसंगतियों को दूर करने की भी आवश्यकता है। एससी-एसटी, ओबीसी एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के आरक्षण के जरिये यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक ही नहीं, बल्कि अनिवार्य है कि उसका लाभ पात्र लोगों को ही मिले। ऐसा करके ही सामाजिक न्याय के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही ऐसे भी कुछ उपाय करने होंगे, जिससे आरक्षण और साथ ही देश की आर्थिक प्रगति से लाभान्वित होकर खुद को हर तरह से समर्थ बना चुके लोगों को आरक्षण सूची से बाहर किया जाए।

जातिगत जनगणना के वास्तविक आंकड़े मिल जाने पर ऐसा करना कहीं अधिक आसान होगा, लेकिन तभी जब आरक्षण को वोट बैंक की राजनीति का हथियार बनाने से बचा जाएगा। आरक्षण नीति में विसंगतियां इसलिए हैं, क्योंकि अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल जातियों के सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े होने का कोई ठोस आंकड़ा नहीं है। क्या यह विचित्र नहीं कि उन आंकड़ों से काम चलाया जा रहा है जो 1931 अर्थात अविभाजित भारत की जातिगत जनगणना से मिले थे। किसी भी नीति को सही तरह से क्रियान्वित करने के लिए ठोस आंकड़े उपलब्ध होना पहली आवश्यकता होती है। निःसंदेह इस आवश्यकता की पूर्ति जातिगत जनगणना करेगी, लेकिन इसके साथ ही इस आशंका को दूर किया जाना चाहिए कि जातिगत जनगणना की आड़ में जातीय विभाजन को बढ़ाने वाली राजनीति को नए सिरे से बल मिल सकता है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जातिवाद की राजनीति करके सामाजिक न्याय के उद्देश्य की पूर्ति कभी भी नहीं की जा सकती।

# मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!




राजेंद्र शर्मा

आखिरकार, पहलगाम की आतंकवादी जघन्यता के करीब हफ्ते भर बाद, रविवार 27 अप्रैल की अपनी मासिक %मन की बात% में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका ख्याल आया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देशवासियों की एकता कितनी जरूरी है। बेशक, प्रधानमंत्री की इस आयोजन की खबरों की सुर्खियां बनने वाली पंक्ति तो यही थी कि %आतंकवादी हमले की तस्वीरों को देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है%। और यह भी कि %मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।% फिर भी, प्रधानमंत्री के बयानों से ऐसी सुर्खियां तो इस आतंकी वारदात के तीसरे दिन से ही बनती आ रही थीं, जब इस हमले की पृष्ठभूमि में, सऊदी अरब की अपनी यात्रा तय कार्यक्रम से पहले खत्म कर स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री ने, इसी घटना पर अपनी ही सरकार की बुलायी सर्वदलीय बैठक में रहना तो जरूरी नहीं समझा था, पर बिहार में मधुबनी में अपनी सभा में, इस वारदात के दोषियों और उनके आकाओं को %मिट्टी में मिला देने% और %उनका धरती के छोर तक पीछा करने% जैसे ऐलान किए थे। %मन की बात% की युद्ध-भाषा बेशक, मधुबनी के भाषण के जरिए सामने आयी, इस दरिंदगी पर प्रधानमंत्री की पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया की निरंतरता में ही थी। इससे भिन्न, प्रधानमंत्री को एकता की जरूरत का ख्याल आना बेशक, बिहार के प्रधानमंत्री के संबोधन के सामने नया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ नागरिकों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। और यह भी कि, %यह एकता आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है।%

बहरहाल, महत्वपूर्ण सिर्फ यही नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देश के तमाम नागरिकों की एकता की जरूरत का ख्याल आया है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आतंकवादी हमले की घटना और उस पर देश भर में शुरू हुई प्रतिक्रिया के हफ्ते भर बाद, प्रधानमंत्री को इस बुनियादी सच्चाई की याद आयी है, जो किसी भी विवेकशील व्यक्ति के लिए शुरू से ही स्वतः स्पष्ट थी। यह हफ्ते भर की देरी इसलिए खासतौर पर अर्थपूर्ण हो जाती है कि इस दौरान पूरे देश से निर्दोष पर्यटकों के नरसंहार की इस दरिंदगी पर, मोटे तौर पर तीन प्रकार की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही थीं। पहली प्रतिक्रिया, इस जघन्यता पर आम देशवासियों के गम और आतंकवादियों तथा उनके सरपरस्तों पर गुस्से की थी। इसी प्रतिक्रिया की अभिव्यक्ति देश की आम राजनीतिक राय में भी हो रही थी, जो घटना के दो दिन बाद ही हुई सर्वदलीय बैठक में भी सामने आयी। सभी राजनीतिक पार्टियों ने न सिर्फ एक स्वर से पहलगाम की जघन्यता की भर्त्सना की, बल्कि इस सिलसिले में सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदमों के लिए आम तौर पर अपने समर्थन का भी ऐलान किया था।

बहरहाल, दूसरी और तीसरी तरह की प्रतिक्रियाएं, एक-दूसरे की ठीक विरोधी थीं। दूसरी तरह की प्रतिक्रिया खासतौर पर कश्मीरियों और सबसे बढ़कर कश्मीरी मुसलमानों की और आम तौर पर मुसलमानों की थी। यह प्रतिक्रिया थी कश्मीर और मुसलमानों के नाम पर आतंकवादियों द्वारा की गयी दरिंदगी पर गम और शर्मिंदगी की और जिस तरह भी संभव हो, अपने दामन से इस गुनाह के दाग धोने की कोशिशों की। यह संयोग ही नहीं है कि इस आतंकी हमले में बच रहे लोगों द्वारा सुनाई गयी आपबीतियों के बीच से, सैयद आदिल हुसैन शाह के अलावा भी, कम से कम आधा दर्जन कश्मीरी मुसलमान %हीरो इन एक्शन% उभर कर सामने आये हैं। किसी ने बहादुरी से दर्जनों पर्यटकों को, जिनमें खासतौर पर महिलाएं और बच्चे थे, मौत के मुंह से निकालकर घोड़ों से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया था, तो किसी ने अपनी जान दांव पर लगाकर, घायलों को पीठ पर लादकर खतरे के दायरे से बाहर पहुंचाया था। और किसी और ने पीड़ितों का इस संकट के बीच इस तरह साथ दिया था कि उन्हें जहां अपनों को खोने का गम था, वहीं नये अपने मिल जाने का संतोष भी था। और सैयद आदिल हुसैन तो, जैसा कि अब सभी जान ही चुके हैं, वह नौजवान टट्टू वाला था, जो निर्दोष टूरिस्टों को बचाने के लिए, अपनी जान दांव पर लगाकर आतंकवादियों से भिड़ गया था। कहते हैं कि उसने एक आतंकवादी की बंदूक पकड़ भी ली थी, तभी आतंकवादी के दूसरे साथी ने उसे तीन गोलियां मार कर वहीं ढेर कर दिया।

इसी की निरंतरता में पूरे पहलगाम तथा अनंतनाग जिले की और कश्मीर की ही प्रतिक्रिया थी। स्वतस्फूर्त तरीके से न सिर्फ हादसे के दूसरे-तीसरे दिन तक, सारे बाजार, सारे कारोबार, पर्यटकों की मदद करने के अलावा बंद रहे बल्कि हरेक जगह, लोगों ने बड़ी संख्या में शोक तथा विरोध जुलूस निकाले, जो बहुत ही मुखर तरीके से आतंकवादियों के और उनकी पीठ पर हाथ रखने वाले पाकिस्तान के खिलाफ थे। जानकारों के अनुसार, अगर कश्मीर में मिलिटेंसी के 35 साल में पहली बार, पर्यटकों पर हमले की ऐसी बड़ी घटना हुई थी, तो यह भी पहली ही बार था जब इतने मुखर तरीके से और इतने बड़े पैमाने पर कश्मीरी जनता की आतंकवाद-विरोधी तथा पाकिस्तान-विरोधी भावनाएं सामने आयी हैं।

इसी की निरंतरता में है जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित कर, पहलगाम की दरिंदगी की एक स्वर से निंदा करना। केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा ने सर्वसम्मति से आतंकवादियों की करतूत की केवल निंदा ही नहीं की, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पर्यटकों की सुरक्षा न कर पाने के लिए माफी भी मांगी। इसके बावजूद कि धारा-370 के खत्म किए जाने तथा जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म कर उसे केंद्र शासित क्षेत्र बनाए जाने के बाद से, राज्य पुलिस समेत समूची सुरक्षा व्यवस्था लैफ्टीनेंट गवर्नर के माध्यम से, सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में है। उनका कहना था कि पर्यटक, राज्य सरकार के नाते उनके आमंत्रण पर आए थे और इसलिए, उनकी सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी थी! यहां तक कि उमर अब्दुल्ला ने इस घटना को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग के लिए दलील बनाने से भी इंकार कर दिया।

दुःख और पछतावे की इस सारी प्रतिक्रिया से ठीक उल्टी थी, तीसरी प्रतिक्रिया जो सत्ताधारी संघ परिवार की ओर से सामने आयी, जिसमें उसके हाशियाई तत्वों से लेकर, उसकी मुख्यधारा के नेताओं तक सबके सब शामिल थे। इस प्रतिक्रिया में सारा जोर, पहलगाम में आतंकवादियों की दरिंदगी को कश्मीरी मुसलमानों और आम तौर पर मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के जरिए, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को आगे बढ़ाने का हथियार बनाने पर था। यह संयोग ही नहीं है कि पहलगाम की दरिंदगी के सरकारी ब्यौरे ठीक से आने से पहले ही, देश के अनेक हिस्सों से कश्मीरी छात्रों और आम तौर पर मुसलमानों पर हिंदुत्ववादी गिरोहों के हमलों की खबरें आनी शुरू हो चुकी थीं। ऐसे मामलों पर निगाह रखने वाले एक संगठन ने ऐसी कम से कम 20 घटनाएं दर्ज की हैं। इनमें से कश्मीरी छात्रों के साथ हिंसा की सबसे बुरी घटनाएं उत्तराखंड में देहरादून में तथा पंजाब में हुईं, जबकि मुसलमान के रूप में पहचान कर, हमला किए जाने की घटनाओं में इसी बीच उत्तर प्रदेश में ही दो हत्याएं की जा चुकी हैं। आगरा में तो मुसलमान ढाबाकर्मी को गोली मारने वाले ने '26 के बदले 2600' को मारने के अपने इरादे का ऐलान भी किया था। यह दूसरी बात है कि जैसा कि भाजपा राज में आम चलन ही है, उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस हत्या का पहलगाम की घटना से कुछ लेना-देना होने से इंकार कर दिया है।

कश्मीरियों और आम तौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर ये हमले अगर संघ के हाशिए की करतूतें मान भी लिए जाएं, तब भी उसकी मुख्यधारा भी इन हमलों से कोई बहुत अलग नहीं थी। हरियाणा, महाराष्ट्र समेत अनेक स्थानों पर, बाकायदा भाजपा के झंडे तले जुटी भीड़ों ने, अल्पसंख्यकों की दूकानों आदि को हमलों का निशाना बनाया था। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह कि आईटी सैल समेत भाजपा ने मुस्लिमविरोधी नफरत फैलाने के लिए, इस आतंकवादी हमले को भुनाने की बढ़-चढ़कर कोशिशें की थीं। जाहिर है कि यह इसके बावजूद था कि अनेक भुक्तभोगियों ने जोर देकर सार्वजनिक रूप से यह दर्ज कराया था कि अगर आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मारा था, तो दूसरी ओर पीड़ितों का धर्म जानकर घोड़े वालों, ड्राइवरों, टूर ऑपरेटरों, होटल वालों, आदि आदि ने उनकी हरेक संभव मदद भी की थी। इस बाद वाले तथ्य को दफ़न ही करने की कोशिश करते हुए, भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने तो अपने आधिकारिक हैंडल से बाकायदा एक शर्मनाक विज्ञापन जारी कर, जो बाद में उन्हें हटाना भी पड़ गया, %धर्म पूछा, जाति नहीं पूछी% को, सांप्रदायिक गोलबंदी की दलील ही बनाने की कोशिश की थी। और यह खेल सिर्फ छत्तीसगढ़ तक ही सीमित नहीं था।

इस सब के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी अपनी कुख्यात चुप्पी ओढ़े रहे थे। विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के ही नहीं, जागरूक नागरिकों की बढ़ती संख्या के खुद इसकी अपील करने और प्रधानमंत्री से इसकी अपील करने का आग्रह करने के बावजूद, कि सांप्रदायिक विभाजन बढ़ाकर, आतंकवादियों के अधूरे काम में मदद नहीं की जानी चाहिए, मोदी ने बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक हरकतों के खिलाफ कोई अपील तक नहीं की। और हफ्ते भर बाद, पर्याप्त नुकसान हो जाने देने के बाद, देशवासियों की एकता की अपील की भी है, तो भी गोलमोल तरीके से इस आम अपील के जरिए भी, संघ परिवार इस दौरान जो करता रहा है, उस पर पर्दा डालने की ही कोशिश की गयी है। और इस सांप्रदायिक खेल की ओर से ध्यान हटाने की कोशिश की जा रही है, %खून खौलने%, %मिट्टी में मिला देने% आदि की उग्र बोली के जरिए। इस दौरान, बदले की कार्रवाई के नाम पर घाटी में बड़ी संख्या में युवाओं की अंधाधुंध गिरफ्तारियों और कथित रूप से आतंकवादी ग्रुपों से जुड़े लोगों के घरों के बम से उड़ाए जाने का सिलसिला जारी है। आने वाले दिनों में किसी प्रकार की एक और सर्जिकल स्ट्राइक, आतंकवाद से निपटने में मौजूदा निजाम की घोर विफलता को ढांपने का और इस संकट को चुनाव में भुनाने का भी हथियार बन सकती है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार और साप्ताहिक पत्रिका 'लोकलहर' के संपादक हैं।**

# पोत निर्माण में पिछड़ने का जोखिम, इसमें आत्मनिर्भरता अनिवार्य

■ आदित्य सिन्हा



पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच तमाम पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। पाकिस्तान पर संभावित कार्रवाई के विकल्पों के बीच अतीत के पन्ने भी पलटे जा रहे हैं। ऐसा ही एक अध्याय नौसेना के आपरेशन ट्राइडेंट से जुड़ा है। भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान दिसंबर 1971 में भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर औचक हमला कर दुश्मन को चौंका दिया था। उस हमले में तीन पाकिस्तानी पोत डुबो दिए गए। फ्यूल टैंक्स ध्वस्त किए गए। इसे भारत के सबसे सफल एवं आक्रामक नौसैनिक अभियानों में से एक माना जाता है।

हालांकि इस सफलता से जुड़ी सुर्खियों में यह तथ्य कहीं दबकर रह गया कि उस कामयाबी में ओसा-क्लास मिसाइल नौकाओं और युद्धक सामग्री की अहम भूमिका रही, जो सोवियत मूल की थीं। भारत ने भले ही वह लड़ाई जीत ली हो, लेकिन उस युद्ध ने विदेशी नौसैन्य तकनीक पर हमारी निर्भरता को ही उजागर किया था। उसके दशकों बाद भी यह सामरिक नाजुक कड़ी कुछ वैसी ही बनी हुई है। इस बीच भारत के समक्ष सामुद्रिक मोर्चे पर चुनौतियां और बढ़ी हैं तब स्वदेशी स्तर पर शिपबिल्डिंग यानी पोत निर्माण की जरूरत कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। यह केवल औद्योगिक आकांक्षाओं के दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा की अनिवार्यता है।

वैश्विक अनुभव देखें तो शिपबिल्डिंग में लाभ ही लाभ हैं। यह रोजगार सृजन और तकनीकी क्षमताएं बढ़ाने के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देता है। कई आकलनों के अनुसार शिपबिल्डिंग में निवेश होने वाले 1,000 करोड़ रुपये से 6,000 प्रत्यक्ष और 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हो सकते हैं। वैश्विक शिपबिल्डिंग बाजार का आकार करीब 145 अरब डालर है। इसमें 47 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ चीन, 29 प्रतिशत के साथ दक्षिण कोरिया और 15 प्रतिशत के साथ जापान का दबदबा है। इन तीनों देशों ने 2023 में विश्व की 90 प्रतिशत से अधिक मांग को पूरा किया। जबकि एक बड़ी तटरेखा वाले भारत की हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम रही।

एक सशक्त शिपबिल्डिंग क्षेत्र केवल बंदरगाहों और सामुद्रिक आवाजाही को ही बेहतर नहीं बनाता, बल्कि इसके जरिये स्टील, इलेक्ट्रानिक्स, आइटी और अन्य कौशलों वाले व्यापारों को भी आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। दक्षिण कोरिया जैसे देश ने पिछली सदी के अंतिम पड़ाव पर अपनी औद्योगिक जड़ों को गहरा करने में शिपबिल्डिंग को आधार बनाया। आज भारत के सामने भी वही स्थिति एवं अवसर विद्यमान हैं। भारत सरकार इन संभावनाओं को भुनाने के पूरे प्रयासों में भी जुटी है। वर्ष 2016 से 2021 के दौरान शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस पालिसी के तहत 4,500 करोड़ रुपये की शिपबिल्डिंग सब्सिडी के साथ ही सागरमाला जैसे अभियान को गति प्रदान की गई है। इस साल के बजट में भी कई प्रविधान किए गए हैं, जिनका दीर्घकालिक उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को शिपबिल्डिंग क्षेत्र में वैश्विक महारथी बनाने का है।

मैरिटाइम डेवलपमेंट फंड यानी एमडीएफ जैसी पहल इन प्रयासों के केंद्र में है। सरकार जहां 25,000 करोड़ रुपये के इस कोष में 49 प्रतिशत का योगदान करेगी तो शेष राशि बंदरगाहों एवं निजी क्षेत्र के साझेदारों के जरिये आएगी। इस कोष के जरिये शिपबिल्डिंग और जहाजों की मरम्मत सुविधाएं विकसित करने के लिए दीर्घकालिक एवं किफायती पूंजी उपलब्ध होगी। इस पहल को नवगठित शिपबिल्डिंग फाइनेंशियल असिस्टेंस पालिसी से और मदद मिलेगी। इस योजना में 18,090 करोड़ रुपये के अंशदान से भारतीय शिपबिल्डिंग उद्योग को लागत प्रतिस्पर्धा की चुनौती से उबारने की तैयारी है। इसी कड़ी में एक निर्धारित सीमा से बड़े जहाजों को इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का दर्जा दिया जाएगा। इससे उन्हें आसान वित्तीय संसाधन उपलब्ध होने के साथ उनकी अन्य बाधाएं दूर होंगी। सरकार ने घरेलू रिसाइक्लिंग उद्योग को बढ़ावा देने एवं देश में बने जहाजों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट स्कीम का एलान भी किया है। बजट में भी सार्वजनिक निजी भागीदारी-पीपीपी के तहत विशाल शिपबिल्डिंग क्लस्टर के निर्माण की राह तैयार की गई है।

इन नीतिगत प्रयासों के जमीनी स्तर पर परिणाम भी नजर आने लगे हैं। केरल सरकार ने विझिंजम पोर्ट के निकट पूवार में एक भीमकाय डीप-वाटर शिपबिल्डिंग एंड रिपेयर फैसिलिटी का विचार आगे बढ़ाया है। यह विशालकाय जहाजों को संभालने के साथ ही निकटवर्ती अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेंस का लाभ उठाने में भी मददगार होगा। इसी कड़ी में दुनिया की दिग्गज शिपबिल्डिंग निर्माता कंपनियों में से एक एचडी हुंडई हेवी इंडस्ट्रीज तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में नए शिपयार्ड की संभावनाएं तलाशने में लगी है। कंपनी का प्रतिनिधिमंडल एलएंडटी जैसी घरेलू दिग्गज के साथ निर्णायक बातचीत के दौर में है। इस मोर्चे पर बात बनते ही कंपनी अपनी महारत से भारत को लाभ पहुंचाएगी। सामरिक मोर्चे पर भारत की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए भी शिपबिल्डिंग पर ध्यान देना आवश्यक हो गया है। चीनी नौसेना अब विश्व की सबसे बडी नौसेना बन गई है। वर्ष 2023 तक उसके बेड़े में 370 से अधिक युद्धपोत हो गए हैं। चीन अफ्रीकी तट पर जिबूती से लेकर एशिया में ग्वादर, श्रीलंका, म्यांमार और मालदीव तक एक व्यूह रचना के निर्माण में लगा है। चीन और पाकिस्तान के बीच निकट सहयोग भी अरब सागर में भारत की चुनौतियां बढ़ाने का काम करता है। इसे देखते हुए भारत ने भी अपनी सक्रियता बढ़ाई है। भारतीय नौसेना का लक्ष्य वर्ष 2035 तक 200 युद्धपोतों का बेड़ा तैयार करने का है, लेकिन इस दिशा में प्रगति अभी बहुत धीमी है। इसे इससे भी समझा जा सकता है कि अभी 41 पोत और पनडुब्बियां निर्माणाधीन हैं और उनके निर्माण के लिए भी हमें विदेशी इंजन, रडार और इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों की आवश्यकता होती है। यह निर्भरता नाजुक वैश्विक आपूर्ति शृंखला के दौर में और मुश्किलें पैदा कर सकती है। इसलिए भारत को प्रत्येक मोर्चे को साधकर पोत निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करनी ही होगी।

**( लेखक लोक-नीति विश्लेषक हैं )**

# पंजाब ने लखनऊ को 37 रनों से हराया




**धर्मशाला,05 मई (आरएनएस)।**

पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को आईपीएल 2025 का 54वां में 37 रनों से हरा दिया है. धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जलवा देखने के लिए मिला.अर्शदीप ने नई गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन किया, स्विंग और बाउंस के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया. इस जीत के साथ पंजाब किंग्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. इस मैच में प्रभसिमरन सिंह के शानदार 91 रन की बदौलत पीबीकेएस ने 236/5 का विशाल स्कोर बनाया जिसके बाद अर्शदीप ने पावरप्ले के अंदर एडेन मार्कराम, मिशेल मार्श और निकोलस पूरन को आउट कर मैच को पीबीकेएस के पक्ष में कर दिया. लखनऊ के लिए आयुष बदोनी ने 40 गेंदों पर 5 चौके और 5 छक्कों के साथ 74 रन और अब्दुल समद ने 24 बॉल में 2 चौके और 4 छक्कों के साथ छठे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की लेकिन एलएसजी 20 ओवर में 199/7 बना पाई और 37 रनों से मैच हार गई.लखनऊ के लिए कप्तान ऋषभ पंत ने 17 गेंदों पर 18 रन की पारी में तीन चौके लगाए. अजमतुल्लाह उमरजई ने उन्हें आठवें ओवर में गेंद को डीप कवर ने आसानी से कैच कर लिया. डेविड मिलर के रूप में उमरजई को अपना दूसरा विकेट मिला. पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिए और अज़मतुल्लाह उमरज़ई ने 2 विकेट चटकाए. इससे पहले पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 48 बॉल में 6 चौके और 7 छक्कों के साथ 91 रनों की पारी खेली. कप्तान अय्यर ने 25 बॉल में 4 चौके और 2 छक्के के साथ 45 रन बनाए. जोस इंग्लिस ने 30 और शशांक सिंह ने 33 रनों का योगदान दिया. लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी और आकाश सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए. लखनऊ की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवर में 145 रनों पर 5 विकेट गंवा चुकी है.

# भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ खुला, अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर

**मुंबई ,05 मई (आरएनएस)।**



भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ खुला। बाजार में चौतरफा तेजी देखी जा रही है। सुबह 9:36 पर सेंसेक्स 276 अंक या 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,741 और निफ्टी 78 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,425 पर था।

सेंसेक्स को अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, टाइटन और टाटा मोटर्स जैसे शेयर ऊपर खींचने का काम कर रहे हैं। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी का ट्रेंड देखा जा रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 344 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,050 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 24 अंक की मजबूती के साथ 16,466 पर था। चॉइस ब्रोकिंग के डेरिवेटिव विश्लेषक हार्दिक मटालिया ने कहा, सकारात्मक शुरुआत के बाद निफ्टी को 24,300, 24,200 और 24,000 पर सपोर्ट मिल सकता है। ऊपरी स्तर पर 24,500 एक रुकावट हो सकता है। अगर यह टूटता है तो 24,600 और 24,800 के स्तर देखने को मिल सकते हैं।सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और एनर्जी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स हैं। पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज और रियल्टी इंडेक्स में कमजोरी बनी हुई है।सेंसेक्स में अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, टाइटन, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, टीसीएस, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, एलएंडटी और इंडसइंड बैंक टॉप लूजर्स थे। एशिया में टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और सियोल समेत प्रमुख क्षेत्रीय बाजार अपने-अपने सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद हैं, जबकि ऑस्ट्रेलियाई बाजार लाल निशान में थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। सत्र के दौरान टेक्नोलॉजी नैस्डैक में 1.51 प्रतिशत की तेजी आई।विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार 12वें सत्र में 2 मई को शुद्ध खरीदार बने रहे और उन्होंने 2,769 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# भारत की उदार नीति फार्मा, वाहन व पर्यटन बना वैश्विक निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य; एफडीआई से खुले नए अवसर

**नई दिल्ली, 05 मई (एजेंसी)।**

भारत की उदार एफडीआई नीति फार्मा, वाहन, पर्यटन और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ा रही है। 100ब एफडीआई की अनुमति, मौद्रीकरण पाइपलाइन और औद्योगिक गलियारे इसे वैश्विक निवेश के लिए आकर्षक और स्थिर गंतव्य बनाते हैं।

भारत की उदार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई नीति ऐसे वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसर प्रदान करती है, जो इसकी विशाल और विस्तारित अर्थव्यवस्था में निवेश करना चाहते हैं। डेलॉय की रिपोर्ट के अनुसार, फार्मास्युटिकल्स, वाहन और पर्यटन जैसे क्षेत्र न केवल एफडीआई के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि रोजगार, निर्यात और इनोवेशन के इंजन भी हैं, जो भारत की वृद्धि की अगली लहर को गति दे रहे हैं। डेलॉय के अनुसार, भारत ने बीमा, बीमा मध्यस्थ, पर्यटन निर्माण, अस्पताल और चिकित्सा उपकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों सहित अधिकांश क्षेत्रों में स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देकर महत्वपूर्ण प्रगति की है। यह कदम स्थिरता का संकेत देता है, जो वैश्विक निवेशकों को भारत की विशाल और बढ़ती अर्थव्यवस्था में उतरने के लिए एक बेहतर अवसर प्रदान करता है। 70 अरब डॉलर की राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन और 100 से अधिक शहरों में औद्योगिक गलियारे के विकास के समर्थन से भारत वैश्विक निवेशकों को निवेश के लिए तैयार क्षेत्र प्रदान कर रहा है। पर्यटन (जीडीपी में 199.6 अरब डॉलर से अधिक का योगदान) और आतिथ्य जैसे क्षेत्र अब होटल और मनोरंजन सुविधाओं के निर्माण में 100 प्रतिशत एफडीआई की मंजूरी देते हैं। इससे पारदर्शी और स्थिर निवेश स्थल के रूप में भारत की छवि और मजबूत होती है। रिपोर्ट के अनुसार, बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और एफडीआई उदारीकरण से लॉजिस्टिक्स, रियल एस्टेट और शहरी विकास में अभूतपूर्व अवसर पैदा हो रहे हैं। कुल मिलाकर, पिछले वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान देश में एफडीआई 27 प्रतिशत बढ़कर 40.67 अरब डॉलर हो गया।2023-24 की समान अवधि में यह 32 अरब डॉलर था। इसके अलावा, भारत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों के माध्यम से वैश्विक वाणिज्य में अपनी भूमिका को मजबूत कर रहा है।

# अर्शदीप सिंह ने पावरप्ले में मचाया धमाल, 3 खतरनाक बल्लेबाज को आउट कर तोड़ी लखनऊ की कमर




**धर्मशाला ,05 मई (आरएनएस)।**

आईपीएल 2025 का 54वां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मैच में पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पावर प्ले में कमाल का स्पैल डालकर 237 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही लखनऊ की कमर तोड़ कर रख दी.इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने लखनऊ की पारी तीसरे और अपने दूसरे में धमाल मचाया. उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर शानदार फॉर्म में चल रहे मिशेल मार्श को शून्य के स्कोर पर नेहाल वढेरा के हाथों कैच आउट कराया.

इस ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने लखनऊ के दूसरे सलामी बल्लेबाज एडेन मार्कराम को 13 रनों के निजी स्कोर पर बोल्ड कर उनकी गिल्लियां बिखेर दीं. अर्शदीप सिंह यहीं नहीं रूके और उन्होंने अपने तीसरे और एलएसजी की पारी के पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर इनफॉर्म बल्लेबाज और लखनऊ के बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले निकोलस पूरन को भी पवेलियन की रहा दिखा दी. अर्शदीप ने पूरन को 6 रनों के निजी स्कोर पर एलबीड्ब्ल्यू आउट किया. अर्शदी सिंह अब तक 3 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटका चुके हैं. इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 236 रन बनाए. पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 48 बॉल में 6 चौके और 7 छक्कों के साथ 91 रनों की पारी खेली. कप्तान अय्यर ने 25 बॉल में 4 चौके और 2 छक्के के साथ 45 रन बनाए. जोस इंग्लिस ने 30 और शशांक सिंह ने 33 रनों का योगदान दिया. लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी और आकाश सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए. लखनऊ की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवर में 145 रनों पर 5 विकेट गंवा चुकी है.

## तीन करोड़ किराना दुकानों को खतरे में डाल रहे 'डार्क स्टोर'

**नई दिल्ली ,05 मई (आरएनएस)।**

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा, इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। उन्होंने ई कॉमर्स कंपनियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), जो देशभर के 9 करोड़ से अधिक छोटे व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, ने 16 से 18 मई 2025 तक नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश के वृंदावन में एक निर्णायक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की है। इसका मकसद विदेशी निवेश वाली ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियां, जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी, इंस्टामार्ट, जेप्टो और अन्य इसी तरह की प्रमुख कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक व अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाना और उसे सक्रिय करना है।

# रेपो रेट में 1.25-1.50 प्रतिशत तक की हो सकती है कटौती : एसबीआई रिपोर्ट




**नई दिल्ली ,05 मई (आरएनएस)।**

लगातार कम होती महंगाई के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरों को आक्रामक रूप से कम कर सकता है।

साथ ही मौद्रिक नीति के रुख को मार्च 2026 तक 'न्यूट्रल' से हटाकर और नरम किया जा सकता है। सोमवार को जारी हुई एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि बेस्ट केस सिनेरियो में अगर महंगाई दर 3 प्रतिशत के नीचे लगातार तीन महीने तक रहती है तो रेपो रेट में संचयी तौर पर 1.25 प्रतिशत से लेकर 1.50 प्रतिशत की कटौती वित्त वर्ष 26 तक देखने को मिल सकती है।

एसबीआई की रिपोर्ट में बताया गया, मार्च में महंगाई कई वर्षों के न्यूनतम स्तर पर थी और आगे भी महंगाई के कम रहने की उम्मीद है। हम जून और अगस्त (पहली छमाही) में रेपो रेट में 0.75 प्रतिशत और दूसरी छमाही में 0.50 प्रतिशत की कमी की उम्मीद कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया।

मार्च 2026 तक रेपो रेट 5 से 5.25 प्रतिशत तक आ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि 0.25 प्रतिशत की छोटी कटौती की अपेक्षा 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती अधिक प्रभावशाली होगी। केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2025 में रेपो रेट में कटौती करना शुरू किया था, तब से आरबीआई ब्याज दरों को 0.50 प्रतिशत घटा चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले समय में बैंक जमा दरों में मौजूदा स्तरों से एक प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है। घरेलू महंगाई दर वर्तमान में आरबीआई के टारगेट 2-6 प्रतिशत के दायरे में है, जबकि उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर औसत महंगाई दर 4.7 प्रतिशत है।एसबीआई रिसर्च ने आगे कहा कि उसे उम्मीद है कि 2025 तक डॉलर के खिलाफ रुपया 85-87 के दायरे में स्थिर रह सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि डॉलर पर टैरिफ का घरेलू प्रभाव 2025 में दिखाई देगा, जिससे रुपये को सपोर्ट मिलेगा। इसके अलावा, डीएक्सवाई में गिरावट आने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिकी घरेलू अर्थव्यवस्था टैरिफ प्रभाव को समायोजित करेगी।

## वित्त मंत्री सीतारमण की एडीबी प्रमुख मसातो कांडा के साथ बैठक

**नई दिल्ली ,05 मई (आरएनएस)।**

इटली के मिलान में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एडीबी प्रमुख मसातो कांडा से मुलाकात की और भारत को नवाचारपूर्ण वित्तीय मॉडलों के लिए उपयुक्त बताया और निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले आर्थिक विकास पर जोर दिया। उन्होंने भारत में व्यापारिक माहौल सुधारने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार इटली के मिलान में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की। यह मुलाकात एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक के दौरान हुई। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त मंत्री सीतारमण ने इस बात को दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले आर्थिक विकास पर फोकस कर रहा है और अधिक से अधिक व्यापार करने में आसानी के लिए लगातार दिवालिया कानून (आईबीसी), कॉर्पोरेट कर की दर में कमी और जीएसटी क्रियान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्ससाहन (पीएलआई), राष्ट्रीय ढांचागत पाइपलाइन (एनआईपी), गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्ट अप इंडिया जैसी पहलों के जरिए अनुकूल नीति और पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है।

# सरकारी खनन कंपनी का रिकॉर्ड प्रदर्शन, अप्रैल में उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ,05 मई (आरएनएस)।**



सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी ने अप्रैल में रिकॉर्ड उत्पादन किया है और उसके लौह अयस्क उत्पादन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, बिक्री में 3 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है।

एनएमडीसी ने बयान में कहा कि कंपनी ने अप्रैल में 4 मिलियन टन (एमएनटी) लौह अयस्क का उत्पादन किया है, जो कि पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 3.48 एमएनटी से 15 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही बीते महीने एनएमडीसी की लौह अयस्क की बिक्री 3.63 एमएनटी रही है, जो कि अप्रैल 2024 की 3.53 एमएनटी की बिक्री से 3 प्रतिशत अधिक है।कंपनी का पेलेट उत्पादन 0.23 लाख टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2018 में अप्रैल के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया।कंपनी के शानदार प्रदर्शन पर एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा, अप्रैल में हमारा रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, साथ ही हमारी प्रमुख लौह अयस्क खदानों किरंदुल, बचेली और दोणिमलाई से पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमश: 12 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 88 प्रतिशत की वृद्धि ने हमारी अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है और 2030 तक 100 मीट्रिक टन खनन कंपनी बनने के हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है।स्टील मंत्रालय के तहत आने वाली एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी है।लौह अयस्क एक महत्वपूर्ण खनिज होता है और इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से स्टील बनाने में किया जाता है और इसे दुनियाभर में स्टील के उत्पादन का आधार माना जाता है।इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी से अलग हुई कंपनी एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने कहा कि अप्रैल में कंपनी के हॉट मेटल उत्पादन में 8.5 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की है और उत्पादन बढ़कर 2,30,111 टन हो गया है जो मार्च में 2,11,978 टन था।

# देश में अप्रैल में आर्थिक गतिविधियों ने पकड़ी रफ्तार, पेट्रोल और डीजल की खपत बढ़ी




**नई दिल्ली ,05 मई (आरएनएस)।**

देश में पेट्रोलियम उत्पाद जैसे डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की खपत में अप्रैल में बढ़त देखी गई है, जो देश में आर्थिक गतिविधियों में बढ़त को दिखाता है।

पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में भारत की डीजल खपत बढ़कर 8.24 मिलियन टन हो गई, जो अब तक दर्ज की गई दूसरी सबसे अधिक मासिक खपत है। इसकी वजह महीने के दौरान कृषि और परिवहन क्षेत्रों की डीजल की मांग बढ़ना है। बीते महीने अप्रैल 2024 में हाई बेस पर 4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई है।पिछले वर्ष अप्रैल में लोकसभा चुनावों के लिए चुनावी प्रचार के कारण डीजल की खपत में दोहरे अंकों की वृद्धि हुई थी।ईंधन की कुल बिक्री में डीजल की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है, और इसकी खपत में वृद्धि अर्थव्यवस्था के कृषि और लॉजिस्टिक्स दोनों क्षेत्रों में उच्च आर्थिक गतिविधि को दर्शाती है।अप्रैल में पेट्रोल की खपत सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3.44 मिलियन टन हो गई है। पिछले साल अप्रैल में लोकसभा चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा किए गए जोरदार प्रचार अभियान के कारण पेट्रोल की खपत में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। यह वृद्धि एक हाई बेस पर हुई है जो अर्थव्यवस्था में वाहनों की बढ़ती बिक्रीको दिखाती है।बीते महीने के दौरान एलपीजी की खपत में भी 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और मांग बढ़कर 2.62 मिलियन टन पर रही। एलपीजी की खपत में वृद्धि की वजह केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना भी है, जिसके कारण एलपीजी ईंधन तक गरीब परिवारों को भी पहुंच मिल सकी है। इसके अलावा, होटलों और रेस्तरां में ईंधन की व्यावसायिक खपत भी बढ़ी है।आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल माह में वाणिज्यिक एयरलाइनों द्वारा एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की खपत 7,66,000 टन दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के इसी माह की तुलना में 3.25 प्रतिशत अधिक है।

# वॉट्सऐप में बड़ा बदलाव : अब ब्रॉडकास्ट मैसेज भेजने की लिमिट तय!

**नई दिल्ली ,05 मई (आरएनएस)।**



मैसेजिंग प्लेटफॉर्म वॉट्सऐप अपने करोड़ों यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाने और प्लेटफॉर्म पर स्पैम को कम करने के लिए एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। मेटा के स्वामित्व वाले वॉट्सऐप ने अब ब्रॉडकास्ट मैसेज भेजने की संख्या को सीमित करने का फैसला किया है।

यह नया फीचर फिलहाल वॉट्सऐप के एंड्रॉयड बीटा वर्जन 2.25.14.15 में देखा गया है और इसकी टेस्टिंग शुरू हो चुकी है। इस अपडेट का असर सामान्य वॉट्सऐप अकाउंट के साथ-साथ बिजनेस अकाउंट्स पर भी पड़ने की उम्मीद है।वॉट्सऐप ब्रॉडकास्ट मैसेज के लिए मंथली लिमिट सेट करेगा। टेस्टिंग फेज में, यूजर्स को हर महीने केवल एक तय संख्या (संभवत: 30) में ही ब्रॉडकास्ट मैसेज भेजने की अनुमति मिल सकती है। यह कदम अनावश्यक और बल्क मैसेजिंग पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।ब्रॉडकास्ट मैसेज वॉट्सऐप का एक फीचर है जिसके जरिए आप एक ही मैसेज को अपनी कॉन्टैक्ट लिस्ट में मौजूद कई लोगों को एक साथ भेज सकते हैं। हालांकि, यह मैसेज प्राप्तकर्ता को एक पर्सनल चैट के तौर पर मिलता है, जिससे उन्हें यह पता नहीं चलता कि यह मैसेज और कितने लोगों को भेजा गया है, जो ग्रुप चैट से अलग होता है।रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अगर किसी यूजर को तय लिमिट से ज्यादा लोगों तक अपनी बात पहुंचानी है, तो उन्हें वॉट्सऐप स्टेटस या चैनल्स जैसे विकल्पों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।फिलहाल, वॉट्सऐप या मेटा की ओर से इस नए ब्रॉडकास्ट लिमिट फीचर को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन बीटा वर्जन में इसकी उपस्थिति से साफ है कि कंपनी इस पर काम कर रही है और जल्द ही इसे सभी यूजर्स के लिए रोल आउट किया जा सकता है। यह बदलाव प्लेटफॉर्म पर अनचाहे संदेशों की बाढ़ को रोकने में मददगार साबित हो सकता है।



## संस्कारी बहू का Glamorous रूप देख चौंके लोग, सोशल मीडिया पर मचा तहलका

टीवी सीरियल्स में हमेशा साड़ी, सिंदूर और बिंदी में नजर आने वाली एक जानी-मानी अभिनेत्री disha parmar ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें disha parmar का एकदम अलग और बोल्ड अंदाज सामने आया है। वन शोल्डर ड्रेस में उनके इस नए रूप ने सभी को हैरान कर दिया। संस्कारी बहू की छवि के उलट यह अवतार देख फैंस की आंखें खुली की खुली रह गईं। टीवी पर सीधी-सादी बहू के रोल में दिखने वाली इस एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से बता दिया कि वह रियल लाइफ में काफी स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट हैं। तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं और सोशल मीडिया पर उन्हें ढेरों कमेंट और लाइक्स मिल रहे हैं। कुछ यूजर्स ने तारीफ की, तो कुछ ने कहा कि इतना बोल्ड अवतार उम्मीद नहीं थी।



## फ्लॉप एक्टर के साथ बड़ा चांस ले रहीं है श्रीलीला

इस साल की शुरुआत हुए 4 महीने कंप्लीट हो चुके हैं. लेकिन अबतक बॉलीवुड का ही पलड़ा भारी रहा है, वो भी 'छावा' की वजह से. पर आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं. जिनमें साउथ और बॉलीवुड वाले साथ मिलकर काम कर रहे हैं. इसमें से एक है कार्तिक आर्यन और अनुराग बसु की रोमांटिक फिल्म, जिसमें पुष्पा 2 फेम श्रीलीला हैं. एक्ट्रेस की पुष्पा 2 ने 1800 करोड़ से भी ज्यादा का कारोबार किया था. अब उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लग गई है. जो एक फ्लॉप एक्टर के साथ है.हाल ही में बॉलीवुड हंगामा पर एक रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि वो अगली कमर्शियल एंटरटेनर के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ आ रही हैं. इस पिक्चर को Raaj Shaandilyaa डायरेक्ट करेंगे. हाल ही में श्रीलीला को महावीर जैन के साथ स्पॉट किया गया था.दरअसल महावीर जैन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर श्रीलीला के साथ तस्वीर भी शेयर की थी. एक्ट्रेस जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने की तैयारी में हैं. कार्तिक आर्यन के साथ उनकी जोड़ी पहले ही बन चुकी है. साथ ही कई और फिल्मों से भी लगातार नाम जुड़ रहा है. इसी बीच सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ भी फिल्म में साथ आने की खबरें हैं. एक्ट्रेस का पुष्पा 2 में स्पेशल नंबर था- किसिक, जिससे उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरी थी. अब डायरेक्टर्स की पहली पसंद भी बनी हैं.सिद्धार्थ मल्होत्रा जल्द पिता बनने वाले हैं. हाल ही में उनकी पत्नी कियारा आडवाणी ने गुड न्यूज शेयर की थी. हालांकि, उनके लिए पिछला कुछ वक्त खास अच्छा नहीं रहा. 2012 में डेब्यू करने वाले सिद्धार्थ अबतक 7 फ्लॉप दे चुके हैं. जे बाकी फिल्में हैं, वो भी एवरेज लिस्ट में ही हैं. उनकी पिछली दो फिल्में थैंक गॉड और योद्धा भी फ्लॉप रही थी।

### एक्ट्रेस की अदाओं पर फैंस हुए लट्टू

## शॉर्ट रेड ड्रेस पहन निया शर्मा ने दिखाया हुस्न का जलवा


निया शर्मा टीवी की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं. वे आए दिन अपनी तस्वीरों से इंटरनेट का पारा बढ़ाए रहती हैं. उनकी लेटेस्ट तस्वीरें भी फैंस के दिलों को घायल कर रही हैं. निया शर्मा ने टीवी पर कई सीरियल्स में काम किया है और घर-घर पहचान बनाई हैं. फिलहाल एक्ट्रेस लाफ्टर शेफ टू में अपनी कुकिंग स्किल दिखाती नजर आ रही हैं. निया शर्मा एक फ़ैशनिस्टा भी हैं और अक्सर अपने ग्लैमरस अंदाज से सुर्खियों में छाई रहती हैं. निया ने हाल ही में रेड कलर की मिनी ड्रेस में अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं, और उनके फैंस उनके अट्रैक्टिव लुक को देखकर दंग रह गए हैं.निया शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर रेड कलर की मिनी ड्रेस में अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं.फ़ोटोज में वह कुछ ग्लैमरस पोज देती नजर आ रही हैं. निया ने अपने शानदार लुक के लिए स्लीवलेस मिनी ड्रेस चुनी जो प्लंजिंग वी-नेकलाइन के साथ काफी अट्रैक्टिव थी. हालांकि पूरी ड्रेस सिंपल थी, लेकिन हेमलाइन पर की गई डिटेलिंग ने पूरे लुक को और भी बेहतर बना दिया थी. ड्रेस की हेमलाइन ट्विस्टेड फैब्रिक से सजी हुई थी जो गुलाबों के बुटीक की तरह लग रही थी. उन्होंने इस फिटेड मिनी ड्रेस को फेरागामो के रेड वेज हील्स के साथ पेयर किया था।





## बाबिल के खुलासे के बाद आया अनन्या का जवाब

एक्टर बाबिल खान  के एक वीडियो ने क्च-ञ्श्2ठ्ठ में हलचल मचा दी है. हाल ही में उन्होंने एक क्लिप शेयर की थी जिसमें वह रोते हुए बॉलीवुड के कुछ एक्टर्स पर निशाना साधते हुए उन्हें फेक बताते हैं. हालांकि, बाद में बाबिल ने इंस्टाग्राम  अकाउंट ही डिलीट कर दिया, लेकिन तब तक ये वीडियो वायरल हो चुका था और फैंस के बीच इसे लेकर चर्चाएं होनी शुरू हो गई थी. वहीं अब एक्टर के वीडियो मामले के बीच अनन्या पांडे  ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जिसे बाबिल से जोड़कर देखा जा रहा है.बाबिल खान के वीडियो  के बाद अब सोशल मीडिया पर अनन्या पांडे का क्रिप्टिक पोस्ट  वायरल रहो रहा है. हालांकि, इस पोस्ट में अनन्या ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन फैंस इसे बाबिक के बयान से जोड़कर देख रहे हैं. आइए देखते हैं एक्ट्रेस ने अपनी पोस्ट में ऐसा किया लिखा.



एक्टर बाबिल खान  के एक वीडियो ने क्च-ञ्श्2ठ्ठ में हलचल मचा दी है. हाल ही में उन्होंने एक क्लिप शेयर की थी जिसमें वह रोते हुए बॉलीवुड के कुछ एक्टर्स पर निशाना साधते हुए उन्हें फेक बताते हैं. हालांकि, बाद में बाबिल ने इंस्टाग्राम अकाउंट ही डिलीट कर दिया, लेकिन तब तक ये वीडियो वायरल हो चुका था और फैंस के बीच इसे लेकर चर्चाएं होनी शुरू हो गई थी. वहीं अब एक्टर के वीडियो मामले के बीच अनन्या पांडे  ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जिसे बाबिल से जोड़कर देखा जा रहा है.

बाबिल खान के वीडियो  के बाद अब सोशल मीडिया पर अनन्या पांडे का क्रिप्टिक पोस्ट  वायरल रहो रहा है. हालांकि, इस पोस्ट में अनन्या ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन फैंस इसे बाबिक के बयान से जोड़कर देख रहे हैं. आइए देखते हैं एक्ट्रेस ने अपनी पोस्ट में ऐसा किया लिखा.अनन्या पांडे ) ने पहले अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, आइए, इसके बारे में बात करें, इसे सामान्य करें और इसका ख्याल रखें. उन्होंने मेंटल हेल्थ अवेयरनेस मंथ का जिक्र करते हुए पॉजिटिव मैसेज दिया. यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रही है. वहीं इसके बाद अनन्या की एक और पोस्ट चर्चा में आ गई है, जिसमें उन्होंने लिखा, जो आएगा, वो आएगा ही, जब आएगा तो सामना करेंगे. बता दें कि यह हैरी पॉटर के कैरेक्टर हैग्रिड का फेमस डायलॉग है, लेकिन फैंस इस पोस्ट को भी बाबिल के वीडियो से जोड़कर देख रहे हैं.वहीं दूसरी तरफ, बाबिल खान के वीडियो पर उनकी मां और टीम की तरफ से बयान जारी कर स्थिति को साफ किया गया है. टीम का कहना है कि बाबिल की बातों को गलत तरीके से लिया गया है. उन्होंने बताया कि बाबिल पूरी तरह सेफ हैं और जल्द रिकवर करेंगे.टीम का कहना है कि बाबिल को एक्टिंग और मेंटल हेल्थ पर उनके विचारों के लिए हमेशा सराहना मिली है, लेकिन इंसान होने के नाते कभी-कभी वह भी मुश्किल दिनों से गुजर सकते हैं, यह भी एक ऐसा ही दिन था.वहीं, सोशल मीडिया पर फैंस अब अनन्या के पोस्ट को इशारा मानकर ढेरों कमेंट्स कर रहे हैं. कुछ लोग उनके सपोर्ट में हैं, तो कुछ सवाल उठा रहे हैं. बॉलीवुड में दोनों को लेकर गॉसिप तेज हो गई है. बता दें, अनन्या पांडे इन दिनों इटली में छुट्टियां मना रही हैं. हाल ही में उन्हें अक्षय कुमार के साथ फिल्म केसरी 2 में देखा गया था. फिल्म में वह वकील के किरदार में नजर आई थी. मूवी में उनकी परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ हुई।

## मेट गाला के वो 6 सीक्रेट रूल्स

### अगर सेलिब्रिटीज ने नहीं किए फॉलो तो हो सकते हैं हमेशा के लिए बैन

मेट गाला 2025 के लिए फैंस बहुत एक्साइटेड हैं. मेट गाला 5 मई को होना है. इसमें स्टार्स लग्जरी फैशन और क्रिएटिविटी को शोकेस करते हैं. यहां स्टार्स का यूनिक स्टाइल देखने को मिलता है. इस बार मेट गाला में शाहरुख खान, प्रियंका चोपड़ा और कियारा आडवाणी जैसे स्टार्स नजर आने वाले हैं. मेट गाला हमेशा ही चर्चा में रहता है. इस हाई प्रोफाइल स्टार स्टड इवेंट में कई सारे रूल्स होते हैं, जो हर सेलिब्रिटी को फॉलो करने होते हैं. अगर स्टार्स इन रूल्स को फॉलो न करें तो वो परमानेंटली बैन हो सकते हैं. क्या आप इन सीक्रेट्स रूल्स के बारे में जानते हैं.

#### नो फोन/सेल्फी

मेट गाला में स्ट्रिक्ट नो फोन पॉलिसी है. मेट गाला के अंदर से आपको कभी भी पर्सनल फोटोज, वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट नहीं दिखती है क्योंकि वहां फोन ले जाने की परमिशन नहीं है.

#### इंविटेशन से ही मिलेगी एंट्री/ नो फ्री एंट्री

मेट गाला में किसी को भी बिना इंविटेशन के एंट्री नहीं मिलती है. हर गेस्ट की एंट्री Vogue Editor-in-Chief Anna Wintour अप्रूव करती हैं. हर स्टार को अपनी सीट के लिए पेमेंट करनी पड़ती है. हर सीट और टेबल के साथ प्राइज टैग अटैच रहता है. रिपोर्ट्स के अनुसार,  इंडिविजुअल टिकट की कीमत लगभग 75,000 डॉलर है. वहीं टेबल की कीमत 350,000 डॉलर या उससे ज्यादा हो सकती है.

#### प्याज, लहसुन पर भी पांबदी

Anna Wintour ये सुनिश्चित करती हैं कि मेट गाला में फैशन हाइलाइट हो, जहां गेस्ट अपनी स्टाइल, एलिगेंस और खुशबू को शोकेस करते हैं. इसीलिए कुछ खाने के आइटम वहां बैन हैं, इसमें लहसुन, प्याज और पार्सले शामिल हैं. ब्रुशेटा जैसी डिशेज भी सर्व नहीं की जाती हैं.

#### नो स्मोकिंग

एक बार मेट गाला के अंदर गेस्ट एंट्री कर लेते हैं तो वो स्मोक नहीं कर सकते हैं फिर चाहे वो कितना ही पावरफुल सेलिब्रिटी क्यों न हो. ये इसीलिए है क्योंकि स्मोक की वजह से स्टाइल, डिजाइनर कपड़ों के खराब होने का डर रहता है.

#### आउटफिट पहले से होते हैं अप्रूव

इस इवेंट में जो भी एक्टर्स आउटफिट पहनते हैं वो पहले से ही अप्रूव होते हैं. Anna Wintour खुद सारे सेलिब्रिटीज के आउटफिट अप्रूव करती हैं.

#### सीटिंग प्लान

वोग के स्पेशल प्रोजेक्ट्स के डायरेक्टर Ward Durrett के मुताबिक, मेट गाला में कौन किसके पास बैठेगा इसे लेकर बहुत प्लानिंग होती है. खास बात ये है कि पति-पत्नी को कभी भी एक-दूसरे के साथ में नहीं बैठाया जाता. मेट गाला में दूसरे लोगों से बॉन्ड बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।





# मुख्यमंत्री ने जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत की जानकारी ली

- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही श्रीमती सोनाई बाई के घर पहुंचकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा
- प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन में आ रहा है सकारात्मक परिवर्तन-मुख्यमंत्री





लोकसदन 05 मई 2025
सक्ती, (ब्यूरो)।

मुख्यमंत्री ने आज सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत सक्ति जिले के ग्राम करिगांव का दौरा किया। यहां उन्होंने पीपल के वृक्ष के नीचे खाट पर बैठकर चौपाल लगाई। इस चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने मुख्यमंत्री से सीधे संवाद करते हुए अपनी समस्याएं, सुझाव और सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन का मूल आधार जनसुनवाई और जनसरोकार से जुड़ाव है और आज की यह चौपाल उसी दिशा में एक कदम है।

चौपाल के उपरांत मुख्यमंत्री श्री साय प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की लाभार्थी श्रीमती सोनाई बाई के निर्माणाधीन आवास पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी और परिवार से बातचीत करते हुए योजना से प्राप्त लाभों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने हितग्राही से पूछा कि क्या उन्हें महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि मिल रही है। इस पर श्रीमती सोनाई बाई ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से यह राशि प्राप्त हो रही है, जिससे उनके परिवार को आर्थिक सहयोग मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने देखा कि उनके घर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि अब तो आपके घर तक पानी भी पहुंच रहा है, यह हमारे गांवों में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है।

चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए आवास की मांग रखी। इस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सबके लिए आवास उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य 15 मई 2025 तक चल रहा है, जिसमें वे सभी लोग अपना नाम दर्ज कराएं जो अब तक इस योजना से वंचित हैं। पात्रता के अनुसार सभी को आवास देने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी पात्र नागरिक आवास के अधिकार से वंचित न रहे। यह केवल एक छत देने की योजना नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा देने की दिशा में एक मजबूत कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह नागरिकों की भागीदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित शासन प्रणाली है। उन्होंने कहा कि चौपाल के माध्यम से हम सीधे लोगों के जीवन से जुड़कर यह जान पाते हैं कि योजनाएं वास्तव में लोगों के जीवन में क्या बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि जब हम किसी हितग्राही के घर जाकर पूछते हैं कि पैसा आया या नहीं, जब हम स्वयं निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखते हैं, तभी हमें विश्वास होता है कि योजनाएं फाइलों से निकलकर हितग्राहियों तक पहुंच रही हैं।

सुप्रभातम्



## सुशासन तिहार 2025: तृतीय चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई हुआ आगाज

लोकसदन 05 मई 2025
रायपुर, (ब्यूरो)।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के आरंग ब्लॉक के ग्राम खमतराई में आज सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का आगाज हुआ। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम खमतराई में अब तक 1,964 मांग और शिकायतें प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी आवेदनों का निराकरण हो चुका है। वहीं, तीसरे चरण के पहले दिन समाधान शिविर में 76 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 75 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया। आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई होने और कागजात हाथ में आने से खुशी से आमजन के चेहरे खिल उठे। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार में समस्याओं के समाधान के लिए आमजनों से आवेदन प्राप्त किए गए थे जिनका समाधान हो चुका है। सुशासन तिहार का उद्देश्य जनता के समस्याओं का निराकरण करना है। श्री अग्रवाल ने आमजनों से अपील करते हुए कहा आप सभी समाधान शिविर का लाभ अवश्य उठाएं। समाधान शिविर के अंतर्गत जो आवेदन लिए गए उनमें से लगभग सभी का निराकरण मौके पर किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत लोगों को राहत पहुंचाने और उनका जीवन खुशहाल बनाने की दिशा में पहल किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि शिविर में आमजनों की समस्याओं का समाधान तिहार के रूप में किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

लोकसदन 05 मई 2025
बिलासपुर, (ब्यूरो)।



कलेक्टर ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना और निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन भेजते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

साप्ताहिक जनदर्शन में आज तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत गमजू के सरपंच द्वारा राशन दुकान गांव में ही संचालित करवाने संबंधी आवेदन दिए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण राशन लेने आश्रित ग्राम नवागांव जाते है जो उनके गांव से 7 से 8 किलोमीटर की दूरी पर है। कलेक्टर ने आवेदन खाद्य नियंत्रक को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने कहा। रतनपुर के ग्राम मिलनाडीह निवासी प्रताप सिंह नेताम द्वारा एन एच 130 फोर लेन रोड निर्माण करते समय अधिग्रहीत की गई मकान और जमीन की जांच टीम गठित कर मुआवजा राशि दिलवाने कलेक्टर को आवेदन दिया। इस मामले को एसडीएम कोटा देखेंगे। इमलीपारा के व्यवसायियों द्वारा जी प्लस 1 कॉम्प्लेक्स इमलीपारा में दुकानों के पुनर्वास और आबंटन कराने संबंधी आवेदन दिए गए।

कलेक्टर ने आवेदन नगर निगम कमिश्नर को भेजा। बिल्हा विकासखंड के ग्राम आमापारा निवासी अन्नू बाई विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन दिए। इस मामले को जिला पंचायत सीईओ देखेंगे। तखतपुर विकासखंड के ग्राम राजपुर निवासी शांति बाई, दुर्गा बाई खांडे और पिंकी बंजारे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त की राशि आबंटित करवाने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिया। ग्राम सेमरताल निवासी व्यसनारायण धीवर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिया। उन्होंने बताया कि सूची में कई दफा नाम आ चुके है लेकिन अब तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इस मामले को जिला पंचायत सीईओ देखेंगे। तखतपुर विकासखंड के ग्राम अमसेना में सामुदायिक भवन को अन्यत्र स्थान पर निर्माण करवाने संबंधी आवेदन दिए गए। कलेक्टर ने आवेदन जिला पंचायत सीईओ को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

## उप मुख्यमंत्री ने कार्यशाला में खुद संभाली प्रशिक्षण की कमान




लोकसदन 05 मई 2025
बिलासपुर, (ब्यूरो)।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज 'नगर सुराज संगम' में खुद प्रशिक्षण की कमान संभाली। नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने करीब 50 स्लाइड्स की पीपीटी के माध्यम से स्वयं शहरों के विकास का रोडमैप राज्य के 14 नगर निगमों के महापौरों, सभापतियों, एमआईसी सदस्यों, आयुक्तों और वरिष्ठ अभियंताओं से साझा किया। उन्होंने अपने सवा घंटे के संबोधन और पीपीटी प्रस्तुतिकरण के दौरान एक-एक स्लाइड्स की डिटेलिंग भी की।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यशाला में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अटल विश्वास पत्र के प्रमुख बिंदुओं, नगरीय निकायों की चुनौतियों, नागरिकों की अपेक्षाएं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, शहरी वानिकी, शहरी परिवहन, स्ट्रीट लाइटिंग, कर संग्रहण और सिटी डेव्हलपमेंट प्लान के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कोयंबटूर, चेन्नई, अहमदाबाद, इंदौर, पिंपरी चिंचवाड़ जैसे शहरों तथा गुजरात एवं तेलंगाना में स्थानीय निकायों द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों की झलक दिखाई। श्री साव ने अपने प्रेजेंटेशन के दौरान डेनमार्क, सिंगापुर, जर्मनी और जापान जैसे देशों में शहरी संसाधनों के मितव्ययतापूर्ण उपयोग तथा रिसाइक्लिंग-रियूज के लिए हो रहे नवाचारों के बारे में भी बताया।

## सौगातों से भरा रहा ग्राम सीनापाली में आयोजित जिले का पहला समाधान शिविर

- सीनापाली कलस्टर में शामिल 10 ग्राम पंचायतों से प्राप्त 2 हजार 406 आवेदनों का किया गया निराकरण
- जिपं अध्यक्ष, कलेक्टर, जिपंच सीईओ सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल

लोकसदन 05 मई 2025
गरियाबंद, (ब्यूरो)।



सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली में आयोजित जिले का पहला समाधान शिविर ग्राम सीनापाली सहित आसपास के 10 ग्राम पंचायत के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। सीनापाली कलस्टर में सुशासन तिहार के दौरान 2 हजार 406 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनका निर्धारित समय पर निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत गरियाबंद जिले में समाधान शिविर का आगाज आज देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली से किया गया। शासकीय हाई स्कूल सीनापाली में आज आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान राजस्व विभाग द्वारा बनाए गए चार हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा एक हितग्राही को ट्रायसायकल एवं श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल के माध्यम से हितग्राहीमूलक योजनाओं से लोगों को लाभान्वित भी किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार के आयोजन की अभिनव पहल की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम सीनापाली में आयोजित जिले के पहले समाधान शिविर में बड़ी संख्या में आम जनता एवं ग्रामीणों को आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण होने के साथ-साथ उनके मांगों एवं समस्याओं का भी यथोचित निराकरण हो पाया।

इस अवसर पर कलेक्टर बीएस उइके ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शुरू किए गए सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री उइके ने सुशासन तिहार के आयोजन के निर्णय को राज्य सरकार के अत्यंत जनहितैषी एवं संवेदनशील निर्णय बताते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का कारगार प्रयास किया गया है। श्री उइके ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर दूसरे चरण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने सीनापाली में आयोजित समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आम जनता की उपस्थिति की सराहना भी की।

कलेक्टर ने कहा कि शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति संबंधित विभाग के स्टॉलों में पहुँचकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर उइके ने आम जनता को यह आश्वस्त किया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती पद्मालया निधि, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नेहा सिंघल, पूर्व विधायक श्री गोवर्धन मांझी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शिविर में जिला पंचायत के सीईओ श्री जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री नवीन भगत, एसडीएम श्री तुलसीराम मरकाम सहित जिला स्तरीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न गांवों के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## श्रीमती चम्पा देवी विश्वकर्मा का अंतिम संस्कार आज

लोकसदन 05 मई 2025
कोरबा, (ब्यूरो)।



नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 रामसागर पारा कोरबा निवासी स्वर्गीय रामकुमार विश्वकर्मा की धर्म पत्नी एवं विश्वकर्मा कन्नौजिया लोहार समाज कोरबा के जिलाध्यक्ष रविकांत विश्वकर्मा (आरके मोटर्स), शशिकांत विश्वकर्मा (आरके बॉडी बिल्डर्स) के संचालक एवं विजयकांत, जयकांत की माँ श्रीमती चम्पा देवी विश्वकर्मा का रविवार की देर रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। श्रीमती चम्पा देवी विश्वकर्मा का अंतिम संस्कार 06 मई 2025 मंगलवार को प्रात: राताखार स्थिति मुक्तिधाम में किया जाएगा। श्रीमती चम्पा देवी अपने पीछे पुत्र - पुत्रवधुओं सहित नाती - पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 12 स्थानों में लगा समाधान शिविर

- सांसद तमनार में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल
- समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी

लोकसदन 05 मई 2025
रायगढ़ (ब्यूरो)।



मुख्यमंत्री के मंशानुरूप राज्य में संवाद से समाधान की पहल के रूप में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज तीसरे चरण में जिले के 12 स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

लोक सभा सांसद राधेश्याम राठिया सुशासन तिहार अंतर्गत तमनार में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। उन्होंने विभागीय स्टालों को अवलोकन करते हुए उपस्थित जनसामान्य से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। आयोजित शिविरों में विभागीय अधिकारियों ने अपने विभागों के प्राप्त आवेदनों पर की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। मौके पर नए आवेदन भी लेकर यथा संभव मौके पर निराकरण का प्रयास भी किया गया। इस दौरान समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागों में संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर आवेदन देकर उनका का लाभ ले सकें।

ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के तहत पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी एवं ऑनलाइन माध्यम से जन सामान्य से उनकी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए थे, इसके पश्चात दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का छटनी एवं स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन एवं भौतिक रूप से भेज कर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया।

**छाल एवं धरमजयगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे कलेक्टर:-** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में छाल एवं धरमजयगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव पहुंचे। यहां उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ विभागीय स्टॉल का भ्रमण किया एवं विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण के स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पंजीयन काउंटर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित कर उनका शीघ्र निराकरण कर आवेदकों को अवगत कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निराकरण शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। इस दौरान बोकरामुड़ा के कृषक घासीदास तथा छाल निवासी चंद्रशेखर को ऋण पुस्तिका की द्वितीय प्रति प्रदान की गई। इसी तरह राजस्व विभाग द्वारा श्री कुणाल साहू, श्रीमती आरती साहू, श्रीमती लाजमी साहू, श्रीमती अमरीका साहू एवं श्रीमती अमृता साहू निवासी चंद्रशेखरपुर को आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का हुआ निराकरण:-**सुशासन तिहार अंतर्गत आज समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी। जिसमें छाल में आयोजित शिविर में कुल 2414 आवेदनों में से 2375 आवेदनों का निराकरण किया गया है। इसी तरह तमनार अंतर्गत प्राप्त कुल 3734 आवेदनों में से 3671, रूचिदा में 4399 में से 4350, तेलीकोट में 3906 में से 3859 एवं कुंजारा में 3487 में से 3428 आवेदनों का निराकरण किया गया।

**कल इन स्थानों पर लगेंगे समाधान शिविर:-**सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 7 मई को जिले के 4 स्थानों में प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन होगा। इनमें घरघोड़ा के अमलीडीह, तमनार के हमीरपुर, खरसिया के बोतल्दा एवं धरमजयगढ़ के बोजिया शामिल है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कमल रोहरा के लिए डी.बी. कार्प. लिमिटेड, नियर नर्मदा कोल्ड ड्रिंक्स सिरगिट्टी, बिलासपुर ( छत्तीसगढ़ ) द्वारा मुद्रित और रानी रोड , कोरबा 495677 छग से प्रकाशित। संपादक-कमल रोहरा। मो. नं.-98279-45101